विषयानुक्रमणिका

क्र. सं.	शीर्षक	लेखक	पृष्ठसंख्या
1	पर्यावरण का संकट और समकालीन हिन्दी कविता	डॉ. सतीश पाण्डेय	
2	अध्यापकों में भाषा कौशल का विकास	डॉ. गीता दूबे	
3	Role of Teleconferencing in Globalizing Teacher Education	Dr. Shweta Sood	
4	संस्कृत साहित्य का हिंदी नाटकों पर प्रभाव : एक अनुशीलन	डॉ. दिनेश पाठक	
5	Empowerment of Women and The Role of Public Policy	Dr. Suman Singh	
6	Legal Acts Related to Self Defence	Shri Shankar Andhale	
7	Basics of Computer	Miss Vaishali Nivdunge	
8	मराठी भाषेचे अंतरंग	डॉ. मीनाक्षी ब-हाटे	
9	हिन्दी एवं संस्कृत-व्याकरण का तुलनात्मक अध्ययन	सुश्री एल्. सविता आर्या	
10	पारंपारिक संस्कृत संस्थानों में हिन्दी अध्ययन-अध्यापन की प्रासंगिकता	श्रीमती अंजु शर्मा	
11	बड़ों के प्रति ऐसा हो व्यवहार	मुकेश शर्मा	
12	शिक्षा	सस्मिता राणा	
13	जगद्गुरु आदि शंकराचार्य के चार शिष्य	विकास कुमार पाण्डेय	
14	रामचरितमानस में निर्गुण और सगुण ब्रह्म का समन्वय	रविशंकर पाण्डेय	
15	धरती के लाल	चन्द्रमा पौड्याल	
16	पर्यावरण प्रदूषण की समस्या	गोपाल पौड्याल	
17	लाडली बेटी है ये हिन्दी	सुवृत्ति आर्या	
18	उच्चतम न्यायालय एवं न्यायिक सक्रियतावाद	रवि कुमार आर्य	
19	भारतीय संविधान तथा संरक्षणात्मक भेदभाव	कुन्दन गर्ग	

20	Grammar	Jayashri Bal
21	The Sweet Day	Priyanka Mahapatra
22	I am an Indian	Malli Mani Rana
23	*The World - Renowned Nose :* A Satire On Modern India	Vighnesh Iyer
24	*Things Fall Apart*: The Story of A Proud Clansman and His Downfall	Patanjali Sharma
25	Decolonising the Mind	Nitesh Verma
26	The Position of Women in Indian Society	Asha Chheda
27	Death as a Fourth Charecter in the Quite American	Ninada E. M.
28	A Poem for my Mom	Vishwas Bhaskar Mahajan
29	ती वेडी विचारते मला......	जगन्नाथ आर्य
30	प्रेम कुणावर करावे?	वैभव आर्य
31	''वास्तू'' एक अद्भुत शास्त्र	सचिन पांडुरंग जंगम
32	संस्कृत विद्यापीठामध्ये मराठीची आवश्यकता	प्रिया मंजुळे

परिशिष्ट

Department of Modern Subjects: A Report i

सम्पादक की कलम से

''वन्दे वाणीविनायकौ''

मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान (मा.वि.) देश के विभिन्न राज्यों में ग्यारह (11) परिसरों में व्याप्त है । इसका मुख्यालय नई दिल्ली में स्थित है । उन्हीं ग्यारह परिसरों में से एक परिसर क. जे. सोमैया संस्कृत विद्यापीठ नाम से विद्याविहार मुम्बई में अपनी कुछ विशेषताओं से विभूषित है । इस परिसर में पारंपारिक पद्धति से संस्कृत शिक्षण के साथ ही आधुनिक विषयों की भी शिक्षा दी जाती है । मुम्बई परिसर में संस्कृत के व्याकरण विभाग, साहित्य विभाग, ज्योतिष विभाग, शिक्षा शास्त्र विभाग के साथ ही आधुनिक विभाग भी एक सम्पन्न विभाग है । आधुनिक विभाग के अन्तर्गत हिन्दी, अंग्रेजी, मराठी राजनीति विज्ञान, शारीरिक शिक्षा, संगणक एवं पर्यावरण सम्बन्धी अध्ययन अध्यापन किया जाता है ।

हमें यह बताते हुए बड़ी प्रसन्नता हो रही है कि जहाँ एक ओर पारंपरिक संस्कृत विभागीय पत्रिका का प्रकाशन हों रहा है वहीं दूसरी ओर आधुनिक विभाग को भी विभागीय पत्रिका प्रकाशित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है । 'वैभाषिकी' नामक इस पत्रिका में तीन भाषाओं में-हिंदी, अंग्रेजी एवं मराठी भाषा में शोध पत्र, आलेख, कविताएं एवं कहानी आदि महत्वपूर्ण सामग्री प्रस्तुत की गयी है।

भारत वर्ष विविध भाषा भाषियों का देश है । इसी को ध्यान में रखते हुए परिसर में अध्ययनरत सभी छात्रों का विविध भाषा सम्बन्धित समुचित विकास हो एवं समस्त भारतीय भाषाओं के प्रति इनके मन में सम्मान की भावना जगे, एतदर्थ इस पत्रिका (वैभाषिकी) को तीन भाषाओं में प्रकाशित किया जा रहा है ।

इस पत्रिका के प्रकाशन में परिसर प्राचार्य प्रो. एम्. चन्द्रशेखर जी का मार्गदर्शन हमें प्राप्त हुआ है । अत: उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं । साथ ही शिक्षा शास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. मदन मोहन झा जी का सुझाव एवं सहयोग प्राप्त हुआ है, इसके लिए उनके प्रति आधुनिक विभाग आभारी है । व्याकरण विभागाध्यक्ष प्रो. प्रकाशचन्द्र जी का, साहित्य विभागाध्यक्ष प्रो. ई. एम. राजन जी का, व्याकरण विभाग के वरिष्ठ आचार्य प्रो. बोधकुमार झा जी का साथ ही अन्य विभागीय सहयोगी प्राध्यापकों का जो उत्साहवर्धन एवं सहयोग प्राप्त हुआ है, हम उनके प्रति व्यक्तिश: आभार व्यक्त करते हैं । पत्रिका प्रकाशन में टंकण मुद्रण महत्त्वपूर्ण कार्य हेतु श्रीमती मनीषा शिंदे का जो सहयोग प्राप्त हुआ है उसके लिए हम साधुवाद देते हैं एवं अपने सम्पादक मण्डल के सम्माननीय सदस्य गणों का और छात्र प्रतिनिधियों का भी आभार प्रकट करते हैं । आशा है हमारा यह प्रथम प्रयास सभी को पसंद आयेगा । आपका सहयोग एवं सुझाव हमारे लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है ।

सम्पादक

पर्यावरण का संकट और समकालीन हिन्दी कविता

✍डॉ. सतीश पाण्डेय

भूमंडलीकरण बीसवीं सदी के अंतिम दशक में आरम्भ होनेवाली वह प्रक्रिया है जो वित्तीय पूंजी निवेश तथा उत्पादन और बाजार के आधार पर राष्ट्रीय सीमा से परे विश्व भर में निरंतर विकसित होती रही है लेकिन यह प्रक्रिया सिर्फ आर्थिक मामलों तक ही सीमित नहीं है बल्कि इससे सम्पूर्ण सामाजिक-सांस्कृतिक जीवन प्रभावित हुआ है । इसके प्रभाव में ही आकर पुरानी आस्थाएँ बदलने लगी हैं । इतिहास और विचारधारा के अंत की घोषणा की जाने लगी है । राष्ट्रीयता और राष्ट्रप्रेम को हाशिये पर धकेल कर बस कुछ ग्लोबल बना दिया गया है । टेलीविजन ने एक ऐसे आभासी संसार की रचना की है जिसमें स्थानगत दूरियाँ तो कम हो गई हैं लेकिन आपसी मेल-जोल नितांत कम होता गया है । इसी क्रम में जो पण्य नहीं था उसे भी बाजार की वस्तु बना कर एक ऐसी संस्कृति शुरू कर दी गई है जिसका सारा ध्यान लाभ कमाने पर केन्द्रित है ।

सामाजिक-सांस्कृतिक जीवन की इस उथल-पुथल ने कई ऐसे गंभीर संकट उत्पन्न कर दिए हैं जिनसे जूझना जरूरी हो गया है । वृहत्तर सामाजिक दायित्वों से जुडा रचना कर्म होने के कारण समकालीन कविता मनुष्य के सामने खडे इन सभी तरह के संकटों से जुझती नजर आती है। पर्यावरण का संकट भी ऐसा ही एक संकट है जिसके प्रति लगभग सभी सजग कवियों ने अपनी प्रतिबद्धता दर्शायी है । राजेश जोशी के शब्दों में कहें तो इसका प्रमुख कारण यह है कि, ''कविता संभवत: हमारे समय की वह आखिरी आवाज है जिसे बाजार और हिंसा अभो तक मलिन और गुमराह नहीं कर सकी है ।'' (प्रगतिशील वसुधा, पृ. 56-57, जनवरी-जून 2003)

पर्यावरण के इस संकट का मुख्य कारण विकास परियोजनाएँ रही हैं । वस्तुत: भूमंडलीकरण का एक बडा नारा रहा है विकास । इसी विकास के नाम पर जंगल उजाड हो रहे हं। नदियों की अविरल धारा बाधित होकर डूब की स्थिति पैदा कर रही है, औद्योगिक कारखानों के कारण जल प्रदूषित हो रहा है और उनके द्वारा प्रदूषित वायु उत्सर्जन के कारण सांस लेना भी दूभर हो रहा है । यूरेनियम के कारण विकिरण से गंभीर मानवीय संकट पैदा हो रहा है । इन्हीं सब ने ऐसा पर्यावरण जन्य संकट पैदा कर दिया है जो समूचे विश्व के समक्ष एक बडी चुनौती बनता जा रहा है । समकालीन कवियों ने इस चुनौती को अलग ढंग से स्वीकार किया है । वैसे तो प्रकृति से कविता का जुड़ाव सदा से रहा है किन्तु आज की कविता में उसके प्रति सिर्फ रूमानी आग्रह नहीं

रह गया है । अब वह महज आलंबन-उद्दीपन और मानवीकरण की वस्तु नहीं रह गई है । आज का कवि प्रकृति को मनुष्य की जिजीविषा और उसके संघर्ष के साथ जोडकर देखता है । वह उन प्राकृतिक बदलावों के प्रति ज्यादा संवेदनशील दिखाई देता हैजो औद्योगिक-वैज्ञानिक प्रगति के कारण उत्पन्न हो रहे हैं तथा जो सम्पूर्ण मानव जाति के अस्तित्व के लिए खतरे की घंटी बनते जा रहे है । वस्तुत: प्रकृति और प्रेम वे मूल स्रोत रहे हैं, जिनसे आज की कविता चेतना, प्रेरणा और ऊर्जा ग्रहण करती है और इनसे प्राप्त शक्ति को पूरी समझ के साथ उस आम आदमी की रक्षा के लिए इस्तेमाल करना चाहती है जिसको तोडने के लिए आज की मनुष्यता-विरोधी बाजार व्यवस्था की तमाम ताकतें एक साथ संगठित होती नजर आती है । मदन कश्यप इन ताकतों के षड्यंत्र का पर्दाफाश करते हुए पूरी दूनिया के प्रति अपनी चिन्ता जाहिर करते हैं:

वे पेडों को काटना नहीं चाहते, / उनका हरापन चूस लेना चाहते हैं ।
वे पहाड़ों को रौंदना नहीं चाहते,/ उनकी दृढता निचोड़ लेना चाहते हैं ।
अगर पूरी हो गई उनकी चाहतें,/ तो जाने कैसी लगेगी दुनिया।

(उन्नयन-१७, पृष्ठ ११७)

बाजार के कारण मनुष्य का यह रवैया निश्चित रूप से चिन्ता का विषय है क्योंकि प्रकृति से मनुष्य का लगाव इतना गहरा रहा है कि, दीर्घ काल से प्रकृति के गुण मनुष्य की अंत:प्रकृति का हिस्सा बने रहे हैं । प्रकृति का स्वभाव स्वार्थपूर्ण एवं संकुचित नहीं होता । मिट्टी, हवा, पानी, पेड़-पौधे स्व तक सीमित नहीं रहते । इनके संसर्ग में पले-बढ़े मनुष्य का स्वभाव भी स्वकेन्द्रित नहीं रहा है । ऐसे में यदि आज का मनुष्य स्वार्थ केन्द्रित हो जाता है तो कवि हृदय का चिंतित होना स्वाभाविक ही है । राजेश जोशी इसके मूल में आज की सुविधाप्रियता मानते हैं । आज हम प्रकृति से संपर्क रखना चाहते हैं किन्तु सुविधाओं से वंचित भी नहीं होना चाहते । इस मन:स्थिति को संकेतित करते हुए राजेश जोशी लिखते हैं-

नदियों से बातें करना चाहता हूँ इस समय / पर टेलीफ़ोन पर यह मुमकिन नहीं है
उन दरख्तों का भी मेरे पास कोई नंबर नहीं / जो अक्सर रास्तों में मिल जाते हैं
परिंदो के पास कोई मोबाइल होगा / इसकी कोई उम्मीद नहीं
जिनसे बतियाने की इच्छा होती है / उनके पास तक ही जाना पड़ता है हर बार

(चाँद की वर्तनी, पृष्ठ १००)

नदियों, दरख्तों और परिंदो से बतियाना उनके जैसा नि:स्वार्थ होकर ही संभव हो सकता है लेकिन आज का सुविधाजीवी मनुष्य ऐसा नहीं कर रहा है । उसे यह समझना होगा कि प्रकृति से

जुड़ने का कोई शॉर्ट कट नहीं होता । सुविधा भोगी शॉर्ट कट हमें हमारी जड़ों से काटकर सुखा रहा है । यह चिंता ही आज के कवि की प्रमुख बेचैनी बन जाती है ।

प्रकृति से मनुष्य और पशुजगत का साहचर्य समान रूप से रहा है लेकिन मनुष्य ने विकास के नाम पर जो स्वार्थपरता का रास्ता अपनाया है, उसने उसे जानवर बनाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी है । आदमी जानवर न बनने पाये इसके लिए प्राकृतिक तत्वों आर जानवरों से उसका मानवीय रिश्ता बना रहना ज़रूरी है । प्रकृति, जानवर और मनुष्य के इस संश्लिष्ट रिश्ते की सार्थक पड़ताल लीलाधर जगुड़ी ने 'दूसरे शरीर की खोज' कविता में की है । यह एक बूढ़े बैल की स्वप्न-कथा है जिसमें एक बूढ़ा बैल सपने में एक पुष्ट बीज के रूप में परिवर्तित हो जाता है । फिर उस बीज को वृक्ष के रूप में बदलते हुए देखता है जो आदमियों, पशुओं और पक्षियों की यादों में हरियाली का उदग्र द्वीप है लेकिन इस स्वप्न का अंत भयानक होता है-

धीरे-धीरे बैल ने आँखे खोलीं और देखा कि/पेड़ का पूरा छत्र काँप रहा है/
कुल्हाड़े पड़ रहे हैं/पेड़ नाच रहा है/थोड़ी देर बाद फुनगी मुकुट की तरह टेढ़ी हुई/
और पेड़ एक सम्राट की तरह गिर पड़ा/
चरचराते हुए उसके प्राण हजारों पखेरूओं की तरह उड़ पड़े/
बूढ़ा बैल उठा और मारे डर के पोंकता हुआ ऐसा दौड़ा/जैसे कि जवान हो/
भय भी शक्ति देता है...

बैल और पखेरुओं के जीवन में यह पेड़ अंतरंगता से शामिल है । उसके कटने का अर्थ है इन पखेरूओं का बसेरा उजड़ना और बैल के लिए उसकी सुखद छाया का खत्म होना । बैल का पोंकना भय का प्रतीक है और अपनी सारी शक्ति लगा कर भागना जीवन के उजड़ने का विरोध है। पेड़ का होना पृथ्वी का हरा-भरा होना है । अत: पेड़ पर आया संकट मनुष्यता पर आया हुआ संकट है क्योंकि पेड़ का अस्तित्व मनुष्य के कारण नहीं है बल्कि मनुष्य पेड़ों की वजह से मनुष्य है । इसलिए मंगलेश डबराल मानते हैं कि पेड़ में पृथ्वी और आकाश एक साथ मौजूद हैं । जब हम नहीं थे, तब भी पेड़ थे । वे पेड़ सिर्फ उगे नहीं थे बल्कि वे बने थे करोड़ो चिड़ियों की नींद से । इसीलिए आज का कवि जीने के लिए पेड़ से थोड़ी सी छाँव, थोड़ी सी प्राणवायु और ऊर्जा के लिए भोजन मांगते हुए अपनी कृतघ्नता को भी याद करता है-

लेकिन क्यों मांग रहा हूँ तुमसे यह सब?/आखिर किस हक से?/
जब मैंने अपने तरह-तरह के स्वार्थों की पूर्ति के लिए/ सदा ही उखाड़ी हैं तुम्हारी बाहें
सदा ही नोचे हैं तुम्हारे रोम-रोम/सदा ही छीने हैं तुम्हारे आभरण-पुष्प/

सदा ही काटा है तुम्हारा मेरुदंड/सदा ही सुखाई है तुम्हारी जड़ों की मिट्टी/
तो फिर किस प्रत्याशा में मांग रहा हूँ तुमसे यह सब आज/अपना जीवन बचाने की
उत्कंठा में? मेरी अब तक की इस घोर कृतघ्नता के लिए/मुझे क्षमा कर दो वृक्ष/
मुझे कोई हक नहीं जीने का/तुम्हारे बिना अब इस धरती पर ।

(उमेश चौहान, लमही, अक्टूबर-दिसंबर 2011, पृष्ठ-71)

पेड़ों के प्रति मनुष्य के इस स्वार्थी रवैये के विरोध में पेड़ों के आक्रोश की ओर संकेत करते हुए विष्णु खरे कहते हैं कि जब बादल, नदियाँ, जानवर और चिड़ियाँ सुनते हैं पेड़ों की आखिरी साँसों को तो वे मिलकर शाप देते हैं । जानवर और चिड़ियाँ तो कहीं और चले जाते हैं घेर कर मार दिए जाने के लिए लेकिन वे बादल और नदी से इसका बदला लेने का वचन लेते हैं। इसके भयंकर परिणाम कभी सूखे के रूप में सामने आते हैं तो कभी बाढ़ के रूप में-

बादल और नदियाँ सूरज हवा और धरती से मिलकर / अपना निर्मम और व्यापक बदला लेते हैं बारी-बारी से कभी सूखते हुए, कभी डुबोते हुए / और तपते हुए मैदानों या डूबे हुए आसरों में छोड जाते हैं सूखी या फूली हुई काली लाशें / ज्यादातर असहाय बच्चों औरतों आदमियों और अपाहिजों की । भूख से सूखे और पानी से सूजे काले शरीरों के / खुले मुंह से जो शाप निकलता है / वह वही है जो पेडों ने दिया था । (पिछला बाकी, विष्णु खरे, पृ. 87)

इसी शाप से मनुष्यता को बचाने का प्रयास करते हुए नरेश सक्सना पेडों के प्रति अपना मानवीय रवैया प्रस्तुत करते है -

अंतिम समय जब कोई नहीं जाएगा साथ । एक वृक्ष जाएगा ।
लिखता हूं अंतिम इच्छाओं में । कि बिजली के दाहघर में हो मेरा संस्कार ।
ताकि मेरे बाद । एक बेटे और एक बेटी के साथ । एक वृक्ष भी बचा रह संसार में ।

(समुद्र पर हो रही है बारिश, नरेश सक्सेना, पृष्ठ 35)

वृक्ष ही नहीं प्रदूषित होकर नदी के गायब होते जाने के प्रति भी आज का कवि समान रूप से चिंतित है । जो नदी कभी जल का स्रोत थी, उन्मुक्त विचरण करनेवाली डोंगी की क्रीडा-स्थली थी, आज वह गायब होती जा रही है । कृष्णामोहन झा के अनुसार-

नदी मतलब नाव, नदी मतलब प्यास, नदी मतलब भोजन
नदी मतलब त्याग, नदी मतलब उत्सर्ग, नदी मतलब विसर्जन

लेकिन अब नदी का यह अर्थ गायब हो गया है । अब नदी का मतलब होता है नगरों-महानगरों का कचरा ढोने वाला बहुत बडा नाला । अब नदी का मतलब होता है स्याह

बदबूदारलसलसाते पानी का मरियल प्रवाह । इतना ही नहीं, भूमंडलीकरण के कारण अब नदी का नया संदर्भ कवि इस प्रकार देता है ।

नदी मतलब रंग बिरंगे वॉटर प्युरिफायर और मिनरल वॉटर । नदी मतलब अरबों रूपये की सरकारी योजनाएँ । नदी मतलब सेमिनार, नदी मतलब एनजीओ ।
नदी मतलब पुस्तिका, नदी मतलब विमोचन ।
नदी मतलब बहुराष्ट्रीय कंपनियों की लपलपाती जिह्वा ।
नदी मतलब वर्ल्ड बैंक, नदी मतलब फोर्ड फाउंडेशन ।

(समकालीन भारतीय साहित्य, जुलाई-अगस्त 2011, पृष्ठ 51)

नदी और वृक्ष पर आए संकट की तरह वायु प्रदूषण भी पर्यावरण वादियों के लिए एक खुली चुनौती बन गया है । औद्योगिक इकाइयों के प्रदूषित गैस-उत्सर्जन के कारण खुली हवा में सांस ले पाना भी कितना कठीन हो गया है । इस ओर संकेत करते हुए एकांत श्रीवास्तव लिखते हैं कि, साँसों के रास्ते कोहरा, धुंध और धूल मनुष्य के सीने में एकत्रित होती जाती है । वही सब ठसका बन कर उठता है रात बिरात और खाँसते-खाँसते दुखने लगती है पसलियाँ । अब यहाँ वह ताजी हवा नहीं मिलती जिसे अपने फेफडों में भरकर गाँव से उन्होंने लाया था-

यहाँ है घातक केमिकल की तीखी गंध / पसलियों में सुराख करती हुई /
और सुराख से बहता हुआ खून / अब यहाँ नहीं है /
ग्वालिन के फलों की महक / जिसे तुम गाँव से लाये थे ।

(एक्सरे, धरती अधखिला फल है, एकांत श्रीवास्तव, पृष्ठ 101)

इन घातक स्थितियों के कारण ही एकांत श्रीवास्तव इस बात पर आश्वस्ति व्यक्त करते है कि, जहाँ हर रात एक दु:स्वप्न है / हर एक दिन आघात / हर सांस जहां जलते हुए जंगलों को / पार कर के आती है / वहाँ आश्वस्ति है कि / अब भी धडकता है यह दिल / एक मिनट में बहत्तर बार / अब भी सामान्य है गति हृदय की ।(वही, पृष्ठ 103)

भूमंडलीकरण के इस विकास फार्मूले के दुष्परिणामों के प्रति अपनी चिंता व्यक्त करते हुए चन्द्रकान्त देवताले ने भावी पीढी के संकटग्रस्त होने का संकेत किया है । 'कैसा पानी, कैसी हवा' कविता में वे लिखते हैं-

पर्यावरण संकट के इस दौर में दुनिया की बेहतरी चाहने वाली ताकतों के कहीं खो जाने की चिंता अनामिका ने अपनी एक कविता में अधिक प्रभावशाली ढंग से व्यक्त की है । पानी का पता पूछना या नदियों के दुबली हो जाने की चिंता प्रकट करना अत्यंत मारक लगता है-

नमस्कार, पानी! / कैसे हो? इन दिनों कहाँ हो? / नमस्कार, मेपल के पत्तों, / तुमको बरफ की शक्ल याद है न? / दूर वहाँ उस पहाड़ की चोटी पर उसका घर था / नमस्कार, नदियो!/ दुबली कितनी हो गयी हो / आँखों के नीचे पसर आए हैं साए । / क्या स्वास्थ्य अच्छा नहीं रहता? (वाक, अंक 10, पृष्ठ 136)

कवयित्री ट्रेन में मिलने वाले उस लड़के को खोजती है जिसकी आँखों में दुनिया की बेहतरी का सपना था । उसके नाम की चिट्ठी मंगल ग्रह से आई है । चाँद की मुहर भी उस पर है लेकिन बेहतरी का सपना आँखों में संजोने वाले का पता अधूरा है । उसे संतोष होता है कि कम से कम मिट्टी तो है ।

इस सबके बावजूद आज का कवि पूरी तरह निराश नहीं है । अशोक वजपायी मानते हैं कि एक पत्ती हरी दस्तक है / वह सुगबुगाहट है / वह कभी पूरी न हो सक्ने वाली / कविता का आदि शब्द है । इसीलिए वे अपने हाथों से पृथ्वी को उठाने के लिए मनुष्य का आवाहन करते हैं-

अपने हाथों से उठाओ पृथ्वी / क्योंकि उसकी रेत और धूल में /
उसके पानियों और वनस्पतियों में / उसकी असमय सूख रही नदियों /
और अकाल-नग्न हो रहे पर्वतों में / उसकी अंधेरी खोहों में /
उसके उजाले अंखुवाते बीजों में / अब भी आशा बची है ।

(कहीं कोई दरवाजा, अशोक वजपायी, पृष्ठ 22)

भूमंडलीकरण से जुड़ी विकास योजनाओं के तहत बने बड़े-बड़े बांधों ने अनेक डूब क्षेत्रों को जन्म दिया है । इस डूब की चपेट में आने वाले क्षेत्रों के लोगों की पूरी सभ्यता और संस्कृति के लुप्त हो जाने की पीड़ा एकांत श्रीवास्तव की लंबी कविता 'डूब' में व्यक्त हुई है । कवि मानता है कि डूब गए गाँव की केवल दंतकथा शेष रह जाती है । वहाँ के घर, रास्ते, चौपाल और खेत-खलिहान आदि सब जल के नीचे डूब जाते हैं । कवि यह भी जानता है कि जो लोग स्वेच्छा से रोज़ी-रोटी की तलाश में गाँव से दूर जाते हैं, वे पुनः अपना खोया हुआ गाँव पा जाते हैं किन्तु डूब में खोये गए गाँव को वहाँ के विस्थापित लोग कभी भी नहीं पा सकते । सिर्फ उनकी स्मृति में यह गाँव बसा रहता है ।

जल एक तरफ जीवन दाता है तो दूसरी ओर कभी-कभी विनाशकारी बन कर वह जीवन को छीन भी लेता है । किन्तु ड्ब वाले ऐसे गांवों के जलमग्न होने में जल की नहीं बल्कि मनुष्य की मर्ज़ी होती है । जल तो निमित्त मात्र होता है । टिहरी, मणिबेली और हरसूद जैसी सभी जगहों की इस परिणति के मूल में मनुष्य की स्वार्थपरता ही कारणीभूत रही है । इस डूबक्षेत्र में मनुष्य

नहीं बल्कि मेंढक, साँप, घोंघे, घड़ियाल और जोंक जैसे जल-प्राणी रहते हैं । अपने इस विनाशकारी रूप के कारण जल को पेड़ों की छायाएँ भी डरावनी लगती हैं । वैश्वीकरण और विकास के इस युग में मशीनों की घरघराहट में बांसुरी की तान, ट्रेन की धधड़ाहट में पंडुक की आवाज़ या बाज़ार के शोर में आदमी की आवाज़ डूब जाती है । गाँव ही नहीं, वहाँ के देवी देवता और मंदिर भी डूब जाते हैं । इस तरह सब कुछ डूब जाता है पर लोगों का अपने गाँव से जुड़ाव नहीं खत्म होता । इसीलिए वे जनपद के उसी जल में पक्षी बनकर जीवन बिताने की इच्छा रखते हैं । उनका आशावादी मन इस विनाश के बीच भी उम्मीद नहीं छोड़ता । उन्हं जीवन के कुछ लक्षण बचे हुए दिखाई दे जाते हैं-

एक लालटेन जो बच गयी डूबने से / और गिरस्ती का थोड़ा सामान /
झिलंगी खटिया, एलुमिनियम की डेकची /
बांस की चटाई जिस पर करवट बदलत / बीतती है रात

(धरती अधखिला फूल है, पृष्ठ 122)

चाहे मणिबेली हो या हरसूद, ऐसे डूब क्षेत्रों के लोगों को व्यवस्था विकास संबंधी तरह-तरह के सपने दिखाती है लेकिन उस जमीन से गहरा जुड़ाव वहाँ के लोगों को वहाँ से जाने नहीं देता । इसीलिए पुलिस की लाठियाँ और गोलियां खा कर भी वे उस जमीन को छोड़ना नहीं चाहते । उनकी रगों में पोई के बीज की लालिमा घुल कर विरोध का स्वर बन जाती है । विरोध में उठी हर आवाज़ मेधा पाटकर बन कर हर चिंगारी को दावानल में तब्दील कर देती है । कवि लोगों के भीतर दहक रही व्यवस्था विरोध की इस आग को शब्द देते हुए कहता है-

देखो चढ़ता हुआ ज्वार / सुनो, धरती की धुकधुकी / धक...धक...धक...
कितनी बढ़ गयी है / लुहार धुकनी से झल रहा है हवा / पज रहे हैं भट्टी में औजार /
गरम लोहा ले रहा आकार । (वही, पृष्ठ 125)

विस्थापितों को पुनर्वास देना आसान नहीं होता क्योंकि विस्थापन वहाँ के लोगों का तो हो सकता है किन्तु उन लोगों की स्मृतियों में बसी वहाँ की 'पके धान की खुशबू', 'दीवार पर थापे गए कंडे के सूखे हुए निशान', 'पुरखों के पावों से बने रास्ते', 'झड़ गए फूलों की सुगंध में मंडराती तितलियों' आदि को कैसे पुनर्वास दिया जा सकता है । अत: कवि इन बड़े बांधों की आवश्यकता पर ही प्रश्नचिन्ह उठाता है-

नदियों की आग नहीं होती / पर तुमने लगाई नदियों से / हमारी बस्तियों में आग /
अभी तक तो नहीं थे बड़े बांध / फिर भी जी रहा था यह देश / पी रहा था पानी

सींच रहा था अपने पौधों को / जो बन ही जाते थे एक दिन पेड़ (वही, पृष्ठ 126)

कवि इन बड़े बांधों के लिए विश्व बैंक से लिए गए ऋणों के औचित्य पर ही प्रश्न खड़ा करता है जिसके व्याज से कई-कई पीढ़ियाँ भी उऋण नहीं हो पाएँगी । अत: वह पाताल की ओर ले जाती हुई विकास की नीतियों को खारिज करने का पक्ष-समर्थन करता है-

खारिज करो विश्व बैंक को, / ऋण को, विकास-नीति को /

जनहित में परिवर्तन जिसे स्वीकार नहीं / तुम दे नहीं सकते मुआवजा /

दे नहीं सकते पुनर्वास / तो बंद करो विस्थापन / विकास है यह आधुनिक /

या विनाश आदिवासियों का । (वही, पृष्ठ 126)

कवि मानता है कि विकास की इस आँधी ने समाज में निरंतर विषमताओं को जन्म दिया है अत: यह विकास नहीं बल्कि मनुष्यता और सत्ता के उन्माद की लड़ाई है । उसके अनुसार सत्ता ने अपने मद में आकर एक आँख की हिफाज़त में दूसरी आँख फोड़ देने या एक हाथ की चिंता में दूसरे हाथ को तोडने का पूरा प्रबंध कर रखा है । कवि इससे अपनी असहमति व्यक्त करते हुए कहता है-

गति के लिए चाहिए दोनों पाँव / दृश्य के लिए चाहिए दोनों आँखें /

कर्म के लिए चाहिए दोनों हाथ / देखो कि देश का एक हिस्सा /

कुचलता है दूसरे हिस्से को / जैसे साम्राज्यवाद ने कुचला उपनिवेशों को (वही, पृष्ठ 127)

विकास के नाम पर आदिवासियों की बस्ती के साथ-साथ जंगल, पहाड़ और नदियों का दुरुपयोग करते हुए उन्हें विनाश के मुँह में झोंक देना और इसके आधार पर संभ्रांत जन को सुविधाएं मुहैया कराना इस विकास तंत्र की असलियत है । किन्तु अब आदिवासी समाज भी सीधे संघर्ष के लिए संकल्पित हो रहा है । इसीलिए वह चुनौती देते हुए कहता है-

बंद करो राज्य तंत्र आर विकास तंत्र के अत्याचार

कि विष में बुझे हैं हमारे भी तीर / अपमानित है मनुष्यता

सम्मानित मनुष्यों के संसार में । (वही, पृष्ठ 127)

आदिवासी समाज को पता है कि सरकार द्वारा एक कुशल सेल्समैन की तरह बांध के पक्ष में वातावरण निर्मित किया जाता है और मनुष्यता को भूल कर दरिंदगी की सारी सीमाएं लांघते हुए देश को जोड़ने वाली नदी को तलवार की तरह इस्तेमाल किया जाता है । इस तरह देश को अमीर और गरीब के दो खेमों में बाँट दिया जात है । यह छल-कपट आदिवासी समाज को कम समझ में आता है क्योंकि उनका मन गंगोत्री के जल सा निष्कलुष होता है । पुलिस, ट्रक, बुल्डोजर उनके

मन में दहशत पैदा करते हैं लेकिन वे सीधे सादे आदिवासी व्यवस्था के इस छल को नहीं समझ पाते ।

इस लंबी कविता का बीज शब्द है 'अपनी धरती से प्यार' और केंद्रीय विधान है-'स्मृति भी आँख बन जाती है / जब अंधेरा हो घना / और जाना हो आगे' । 'डूब' में जलमग्न हुए गांवों के पास से नाव पर गुरजते हुए स्मृति की आँखों से सब कुछ दिखाई देता है । इसमें डोडके के पीले फूलों के साथ साथ बबूल के फूल, घाघर चिरई के पंजों के निशान के साथ साथ कुलेश्वर महादेव का मंदिर है तो महानदी के घाट पर तीन पत्थरों के चूल्हे पर पकता भात, सुस्ताते बैल और बैलगाड़ी, साड़ी का झुलना बांध कर बच्चे को लोरी सुनाती माँ और शकुंतला की मुंदरी की तरण किसी का चढ़ाया हुआ सिक्का आदि सब साफ दिखाई देता है । यह सब इस लिए दिखाई देता है कि इस धरती से लोग प्यार करते हैं । यह प्यार ही पृथ्वी का वसंत है-'कदंब के फूलने से वसंत नहीं आता / धरती को चाहने से आता है / कोयल के गाने से आम नहीं मौरते । प्रेम की इच्छा से मौरते हैं' ।

अपनी धरती से अटूट प्रेम रखने वाले आदिवासी आज सभ्यता के वृत्त से बाहर भले ही माने जाते हों लेकिन वे अपनी धरती को भरपूर चाहते हैं । महान सभ्यता की बड़ी कथा में उनकी जगह बहुत छोटी है लेकिन उनके दुख छोटे नहीं हैं । फिर भी उनमें सारा आकाश नाप लेने का साहस और इच्छाशक्ति है-'लेकिन वे छोटे पाँव हैं / जो लंबी यात्रा पर निकल पड़ते हैं / छोटे पंख सारा आकाश नाप लेते है ।' सब कुछ नष्ट हो जाने पर भी वे हार मानने को तैयार नहीं होते-

पर अब तो नष्ट सब कुछ / हाय, जलमग्न वह संसार /
खत्म उसकी माया, जादू उसका खत्म / लेकिन हारेंगे नहीं /
हमें लड़ना होगा / कि फिर न हो काई गाँव मणिबेली
फिर न हो हरसूद (वही, पृ.133)

कवि इसे मनुष्यता और सत्ता के उन्माद की लड़ाई मानता है जिसके लिए समय का लोहा तप रहा है और भट्टी में औज़ार पज रहे हैं । कवि का यह भी मानना है कि सताये हुए आदमी की ललकार से सारा संसार हिल जाता है और उसमें यह शक्ति आती है सिर्फ अपनी ज़मीन से प्रेम करने के कारण-

घायल साँप / और सताये हुए आदमी से ज़्यादा खतरनाक /
और कुछ नहीं इस संसार में / कि साहस सिर्फ संघर्ष से नहीं आता /
उस प्यार से भी आता है / जो हम इस धरती से करते हैं (वही, पृष्ठ 134)

यह समय इतना कठिन एवं अन्यपूर्ण है कि अंधेरा खत्म ही नहीं हो रहा । लेकिन इस अंधेरे के बीच कुछ दूसरी आहटें भी सुनाई देती हैं । मसलन–जंजीरों के टूटने की आवाज़ें, गरम लोहे पर पड़ते घन की आवाज़े, कपाट के खुलने और धरती के करवट बदलने की आवाजें । इन्ही आवाज़ों के बीच जलपांखी की आवाज़ भी सुनाई देती है जो अपनी ज़मीन से कट जाने की टीस बन कर उसके व्यग्र और दुख भरे हृदय से उठती है–

हमे भी अब कभी मिलेगा नहीं / जल मग्न हमारा प्रांत /
हम भी इस जल के ऊपर उड़ते रहेंगे / भटकते रहेंगे जन्म–जन्मांतर तक
जल पांखियों की तरह / सन्नाटे की छाती में सुराख करती /
उठेगी हमारी पुकार / और बदले में कभी सुनाई नहीं देगी /
कोई आवाज़ लेकिन प्यार महकता रहेगा सबदिन /
जो हम इस धरती से करते हैं । (वही, पृष्ठ 134–135)

इस तरह वैश्वीकरण के तहत विकास की प्रक्रिया जहां सम्पन्न वर्ग को सुविधाएं मुहैया कराने के लिए आवश्यक प्रतीत होती है, वहीं अपनी धरती से प्रेम करने वाले आदिवासियों के विनाश का वह कारण भी बन जाती है । यह तथाकथित विकास प्रकृति और पर्यावरण से जुड़ा प्रश्न तो ह ही, इसके अंतर्गत विस्थापन, पुनर्वास और वैश्वीकरण तथा पूंजीवादी षड्यंत्र के तहत वर्गीय विभाजन आदि तमाम ऐसे संदर्भ भी इससे जुड़े हैं जो समकालीन कवियों की चिंता का विषय रहे हैं । इन कवियों ने पर्यावरण की रक्षा के लिए चुनौती बन जाने वाले ऐसे सभी तत्वों के प्रति विरोध का स्वर प्रकट किया है तथा प्रकृति और पर्यावरण के साथ मानव जीवन का संतुलन बनाए रखने में ही विकास के नए मॉडल की सार्थकता मानी है ।

अध्यक्ष, हिन्दी विभाग
क. जे. सोमैया कला व वाणिज्य महाविद्यालय,
विद्याविहार, मुम्बई–77

❖❖❖

अध्यापकों में भाषा कौशल का विकास

✍डॉ. गीता दूबे

गुरु कुम्हार सिष कुम्भ है । गढ़ि–गढ़ि काढै खोट ।
भीतर हाथ लगाइके बाहर मारे चोट ॥

खजुराहो के अद्‌भुत शिल्प, स्वर सम्राज्ञी लता मंगेशकर के सुमधुर सुर, बिस्मिल्ला खाँ का शहनाई वादन एवं अटल जी का प्रभावपूर्ण व्याख्यान निश्चय ही किसी दक्षता का सूचक है । यही दक्षतानिपुणता, कौशलता, प्रवीणता, आदि शब्दों से अभिहित होती है ।

कौशल क्या है ?

किसी कार्य को करने में दो प्रकार की योग्यता आवश्यक होती है । सामान्य एवं विशेष । किन्तु बहुत से कार्य विशेष अभ्यास एवं परिश्रम की माँग करते हैं इसी अभ्यास एवं परिश्रम से व्यक्ति उस कार्य को सम्पन्न करने की विशेष क्षमता अर्जित कर लेता है । यही विशेष क्षमता कौशल कहलाती है । भाषा सम्बन्धी कौशल का अर्थ भाषा व्यवहार में कुशलता प्राप्त करना है । हम विचारों के आदान-प्रदान हेतु भाषा को साधन के रूप में प्रयोग करते है । वक्ता अपने विचारों को दसरे तक पहुँचाने के लिए उचित शब्दयुक्त वाक्य बोलकर वांछित सन्देश सम्प्रेषित करता है । दसरी ओर सन्देश ग्रहण करनेवाला व्यक्ति सुनकर वक्ता के आशय को समझ जाता है, सन्देश लिखित भी हो सकता है । ऐसी स्थिति में लिखना एवं पढ़ना इत्यादि क्रियाएँ होती है । इस प्रकार भाषा सम्प्रेषण के दो प्रकार होते है - मौखिक एवं लिखित । भाषा शिक्षण में मुख्यत: भाषा के लिखित रूप पर बल दिया जाता है, किन्तु अन्य शिक्षण में भाषा के मौखिक एवं लिखित दानों रूपों पर बल दिया जाता है । सुनना (श्रवण), बोलना (मौखिक अभिव्यक्ति), पढना (पठन) एवं लिखना (लेखन) भाषा के चार कौशल माने जाते हैं । एक कुशल अध्यापक के लिए चारों कौशलों में निपुण होना आवश्यक है । डॉ. शिखा चतुर्वेदी ने लिखा है कि ''व्यक्ति की सम्प्रेषण की क्षमता भाषा कौशलों की दक्षता पर ही निर्भर होती है । भाषा की प्रभावशीलता का मानदण्ड बोधगम्यता होता है । जिन भावों एवं विचारों की अभिव्यक्ति करना चाहते हैं, उन्हें कितनी क्षमता से बोधगम्य कराते हैं, यह भाषा कौशलों पर निर्भर है ।''[1]

श्रवण कौशल - श्रवण शब्द 'श्रु' धातु से बना है । जिसक सम्बन्ध सुनने की क्रिया, ध्यानपूर्वक सुनना, अध्ययन करना आदि से है । डॉ. उमाशंकर मंगल के अनुसार-''वक्ता की ध्वनियों, शब्दों एवं भावों को कानों के माध्यम से श्रवण कर उसका अर्थ ग्रहण करने की क्रिया श्रवण कही जाती है । वक्ता जिस अभिप्राय या उद्‌देश्य से अपन विचारों की मौखिक अभिव्यक्ति कर रहा है, उस बात को पूरी तरह से ध्यानपूर्वक सुनकर, उसी अभिप्राय को ग्रहण करने की योग्यता ही श्रवण कौशल है ।''[2] एक अच्छे शिक्षक में श्रवण कौशल होना आवश्यक है । भारतीय शास्त्रों में विद्वान के लिए बहुश्रुत शब्द का प्रयोग किया जाता है । कबीरदास ने कहा है-मसि कागद छूयो नहीं कलम गही नहिं हाथ । इस कौशल के विकास हेतु रेडियो पर आनेवाले गीतों, नाटकों, कहानियों

एवं वार्तालाप कार्यक्रम ध्यानपूर्वक सुनना चाहिए । प्रवचन, भाषण, सस्वरवाचन, कविता पाठ, आदि को मनोयोग से सुनना, स्वर के उतार चढाव के अनुसार अर्थ ग्रहण करना, महत्वपूर्ण भावों एवं विचारों को संग्रह करना चाहिए । टेलीविजन के विविध चैनलों पर प्रसारित होने वाले शैक्षिक कार्यक्रमों को ध्यानपूर्वक सुनने से श्रवण कौशल का विकास होता है । श्रुतलेख से भी श्रवण कौशल को विकसित किया जा सकता है । ग्रामोफोन एवं टेपरिकार्डर के माध्यम से कविता, कहानियाँ, महापुरुषों के भाषण, नाटक आदि सुनना चाहिए । टेपरिकार्डर द्वारा तो अपनी सुविधानुसार सुनकर इस कौशल में विकास किया जा सकता है ।

1. **बोलना (मौखिक अभिव्यक्ति)**

मौखिक अभिव्यक्ति का अर्थ है बोलना । इसे भाषण भी कहा जाता है । मौखिक भाषा का महत्त्वपूर्ण कौशल मुहँ से बोलकर अपने विचार अभिव्यक्ति से है । डॉ. उमामंगल ने कहा है-''जब व्यक्ति ध्वनियों के माध्यम से, मुख के अवयवों की सहायता से उच्चरित भाषा का प्रयोग करते हुए अपने विचारों को प्रकट करता है तब उसे मौखिक अभिव्यक्ति कहा जाता है ।''[3]

मौखिक अभिव्यक्ति की प्रक्रिया सबसे जटिल होती है । क्योंकि एक ओर इसका सम्बन्ध भाषा की ध्वनि व्यवस्था से है । तो दूसरी ओर अर्थव्यवस्था से है । अध्यापक सभी के लिए आदर्श होता है । इसलिए अध्यापक में अभिव्यक्ति कौशल का होना अत्यन्त आवश्यक माना गया है । जब अध्यापक द्वारा बोलकर कोई बात कही जाती है तो उच्चारण कौशल अनिवार्य हो जाता है। इसमें अतिरिक्त अर्थपूर्ण सन्देश सम्प्रेषित करने के लिए बोलने की उचित गति, स्वर, बलाघात आदि कुछ अन्य बातें भी आवश्यक होती है । सस्वर-वाचन में भी इन सब बातों का अनुपालन करना पडता है ।

ध्वनियाँ उच्चारण का महत्त्वपूर्ण आधार होती हैं । अतः सभी ध्वनियों का अलग अलग एवं स्पष्ट मानक शब्दों में उच्चारण करना चाहिए । एक अध्यापक को संयुक्ताक्षर वाले शब्दों का का शुद्ध उच्चारण एवं बोलते समय सही बल एवं अनुतान का प्रयोग करना आवश्यक है । जब हम अलग अलग संवेगो को प्रकट करते है तब हमारी सुरलहर भी अलग अलग होती है । जैसे - अच्छा (स्वीकृति), अच्छा (आश्चर्य) । एक अध्यापक को बोलते समय बोलने की गति पर ध्यान रखना चाहिए न वह बहुत तीव्र हो न बहुत मंद । क्योंकि इन दोनों स्थिति में सही मौखिक अभिव्यक्ति नहीं हो सकती । अध्यापक में मौखिक अभिव्यक्ति हेतु आत्मविश्वास, कथन में

स्पष्टता, प्रवाहपूर्णता, प्रभावशीलता, व्याकरण सम्मत भाषा एवं शुद्ध उच्चारण अवश्य होना चाहिए। वाणी के महत्व के विषय में कहा गया है कि,

'कागा काको धन हरे कोयल काको देत । ..... जग अपनो करि लेत ।

मनोवैज्ञानिक प्रयोगों से पता चलता है कि, कक्षा में आधे से अधिक समय तक शिक्षक ही बोलता रहता है । अत: शिक्षक को चाहिए कि वह छात्रों को भी बोलने का अवसर प्रदान करे। शिक्षक को बोलते समय विराम चिह्नों का उचित प्रयोग करना चाहिए । नए नए शब्दों का निर्माण एवं प्रयोग करने का प्रयास करना चाहिए । मौखिक अभिव्यक्ति में कुशलता हेतु टेपरिकार्डर की सहायता लेना चाहिए । कहानी पढना, भाषण, वार्तालाप, अभिनय में भाग लेना, समाचार पत्र का बोलकर पढना भी मौखिक अभिव्यक्ति के विकास में आवश्यक है ।

2. **पढ़ना (पठन कौशल)**

पठन कौशल का अर्थ भाषा की लिपि को पहचान कर उच्चरित करना एवं अर्थ ग्रहण करना है । लॉग मैन डिक्शनरी ऑफ एप्लाइड लिंग्विस्टिक्स के अनुसार, पठन कौशल का अर्थ है- किसी लिखित पाठ्य वस्तु का इस प्रकार से प्रत्यक्षीकरण करना कि उसकी सामग्री का अवबोधन हो सकें । यह एक प्रकार से मौन पठन का रूप माना गया है । लिखित पाठ्यवस्तु का स्वरसहित उच्चारण भी पठन कौशल है । एक प्रकार से यह पठन कौशल मौखिक अभिव्यक्ति कौशल पर आधारित है । पढना एक कला है एवं पठन कौशल में एक शिक्षक को पारंगत होना चाहिए । एक अध्यापक के वाचन में स्पष्ट अक्षरों एवं शब्दों का उच्चारण, वाचन की मधुरता, सुस्वरता, बल एवं विरामचिह्नों का ध्यान, उचित गति एवं यति का ध्यान, स्वाभाविक प्रवाह एवं स्वरारोह वाचन साथ ही भावों के अनुकूल उचित मुद्रा का होना आवश्यक है । शिक्षक छात्र होता है । पठन प्रभावी है या नहीं इसके लिए वाचन के समय कक्षा पर दृष्टि अवश्य डालनी चाहिए । उत्साह एवं प्रसन्नचित्त से वाचन होना चाहिए, वाचन के समय अनावश्यक शारीरिक गतिविधि का प्रयोग नहीं करना चाहिए । सस्वर एवं अभिव्यक्ति के समय एक शिक्षक को सदैव श्रोत्राओं एवं कक्षा के स्तर का ध्यान रखना चाहिए । सुनने वाले की क्षमता के अनुसार पठन होना चाहिए । शिक्षक को पठन कौशल की शिक्षण की प्रविधियों-वाक्य विधि, कहानी विधि, साहचर्य विधि, संयुक्त विधि, कविता विधि का ज्ञान होना चाहिए ।

3. **लिखना (लेखन कौशल)**

मौखिक भाषा की ध्वनियों को जिन विशिष्ट चिह्नों द्वारा लिखित रूप में व्यक्त करते हैं उसे लिपि कहते हैं । लिपि ज्ञान से ही भाषा के मौखिक रूप को लिखित रूप में बदला जा सकता है ।

भाषा विशेष में स्वीकृत लिपि प्रतीकों के माध्यम से भावों के विचारों को अंकित करने की कुशलता को लेखन कौशल कहा जाता ह ।[5]

लेखन कौशल भाषाई कौशल विकास की दृष्टि से अंतिम कौशल है । अन्य कौशलों के माध्यम से अर्जित कुशलताएं लेखन कौशल के विकास में भरपूर सह्योग देती हैं और लेखन के विकास में अन्य कौशलों का प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रुप में दृढ़ीकरण हो जाता है । लेखन कौशल में तीन बातों का विशेष महत्व होता है-1) वर्ण 2) वर्तनी 3) रचना ।

1) **वर्ण** -

भाषा के लिखित रूप की अभिव्यक्ति निश्चित लिपि प्रतीकों के माध्यम से की जाती है । यह लिपि प्रतीक वर्ण और संकेत दोनों में हो सकते हैं । अध्यापक में लेखन कौशल विकास के लिए भाषा की आधारभूत लिपि प्रतीकों को सीखना प्राथमिक आवश्यकता है । अत: वर्ण रचना कौशल में वर्णो की रचना की समानता के आधार पर इनके कुछ समूह बना लेना चाहिए । जिससे शिक्षण में सहायता मिलती है ।

2) **वर्तनी**

शब्दों को लिखने में वर्णों का जो विशेष क्रम है उसे वर्तनी कहते ह ।एक अच्छे अध्यापक कोशुद्ध वर्तनी लेखन का अभ्यास करना चाहिए । वर्तनी सम्बन्धी अशुद्धि से बचने के लिए सीखे गये वर्तनी में शुद्धता एवं नये शब्दों का ठीक से ज्ञान होना चाहिए । अध्यापक को चाहिए कि पुस्तक पढ़त समय अशुद्ध शब्दों का ध्यान रखें, साथ ही प्रत्यय, सन्धि, काकल्य आदि का ज्ञान करते चलना । निबन्ध, पत्र, सारलेखन आदि में वर्तनी की शुद्धता पर ध्यान रखना चाहिए ।

3) **रचना**

रचना से अभिप्राय है विचारों को लिपिबद्ध रूप से अभिव्यक्त करना सीखना । रचना के दो अंग है - नियंत्रित रचना - इसमें भाषा सम्बन्धी एवं विषय सम्बन्धी नियमों का पालन करते हुए व्यावहारिक पत्र, अधिकारियों के पास प्रार्थना पत्र, संपादक के नाम समाचार भेजना, रिपोर्ट तैयार करना, विविध प्रकार के प्रपत्र भरने का ज्ञान प्राप्त करना है । जिससे भाषा शिक्षक को सहायता मिलती है ।

मुक्तरचना

इसमें अध्यापक को भाषा सम्बन्धी नियमों का पालन करते हुए स्वेच्छा से शब्दों का चयन कर संयोजित करने की स्वतन्त्रता होती है । उच्च कक्षाओं में शिक्षण हेतु अध्यापक को रूपरेखा विधि, तर्क अथवा परिचर्चा विधि, आदर्श अनुकरण एवं स्वाध्याय विधि का सहारा लेना चाहिए ।

लेखक कौशल के विकास हेतु अध्यापक को लिखावट, लिपि प्रतीक, शिरोरेखा, कलम पकड़ने की विधि, बाये से दाये लिखना, अक्षर सुडौल, बैठने का ढंग आदि का ध्यान रखना चाहिए। जब अध्यापक भाषा कौशल में निपुण होगा तो उसका भाषा शिक्षण बहुत ही अनूठा होगा। इस तकनीकी युग में अध्यापक को समय के साथ रहते हुए अपने भाषा सम्बन्धी कौशलों का विकास करना आवश्यक है ।

अध्यापक का सम्पूर्ण अध्यापन भाषाधीन होता है । प्रभावी अध्यापन हेतु अध्यापक में भाषा का समग्र ज्ञान एवं भाषा कौशलों का होना नितांत अपरिहार्य है । छात्र अध्यापक को अपना आदर्श मानता है, अतः अध्यापक को अपने सफल विषय संप्रेषण हेतु एवं छात्रों में अधिगम प्राप्ति हेतु भाषा पर अधिकार एवं भाषा कौशलों में निपुणता संपादित करना चाहिए ।

सन्दर्भ

1. डॉ. शिखा चतुर्वेदी, हिन्दी शिक्षण, 2011, पृ.72
2. डॉ. उमा मंगल, हिन्दी शिक्षण, 1996, पृ. 41
3. डॉ. उमा मंगल, हिन्दी शिक्षण, 1996, पृ. 45
4. डॉ. बीना शर्मा (सं.) भाषा शिक्षण विधियाँ 2008, पृ.22
5. हिन्दी शिक्षण, डॉ. ममता पारीक
6. हिन्दी मातृभाषा शिक्षण, डॉ. हेतसिंह बघेला

संविदाध्यापिका, आधुनिक विभाग - हिन्दी
राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान (मा.वि.)
क. जे. सोमैया संस्कृत विद्यापीठ,
विद्याविहार, मुम्बई-77

❖❖❖

Role of Teleconferencing in Globalizing Teacher Education

✍Dr. Shweta Sood

Change is the key element for the twenty first century that poses many challenges and enormous pressure on our daily life, work and society. Political, economic, social, and technological environments are changing significantlyand rapidly. Information and Communication Technology (ICT) has transformed all the aspects of education, which is a rapidly growing segment. The advent of the Internet as a means of information access and distribution, and the explosive growth of the World Wide Web have transformed teaching from a broadcast mode to an interactive one. Distance Education has been moving very fast from correspondence education to online education or web-based delivery of education. New types of educational technologies are emerging at an ever accelerating pace. It has widened the scope by including online education, online courses, virtual courses, and virtual library etc. Learninghas become more self-directed, more resource-based, collaborative, intertwined with personal life and work, and calls for perpetual access, usage of information and learning resources. Learning has shifted from *knowing what*to *knowing ho*w; how to learn, how to secure information, how to use it, and how to relate it to the ever changing society. The new emphasis is on access and usage. Faculty and librarians are all at the crossroads and being constantly pressured to increase their productivity and to change instructional strategies to accommodate changes and educational reforms. There is a need for adopting a new vision which could meet the challenges of changing Education environment.

Globalization is a universal lexicon today. It is a chief ideology of the present era since it is more potent and pervasive than any other. Its reach is global and universal. It is a process by which the experience of everyday life, marked by dissemination of ideas and commodities is becoming standardised around the world. Its activities increase from a local, regional and national levels to a global or international level. Trade &Commerce, Technology, Science, Information Knowledge and Culture are the major constituents of globalization. Its aim is connecting closeness, togetherness and interdependency. Globalization magnifies the economic activities of a country across national boundaries. Its essence lies in integrating world with a single order.

The current trend of globalisation is one that is having a marked impact on society and the area of education in particular is feeling the impact. In a normal classroom situation, teacher's lecture is followed by discussion by the students. In this case, the teacher has to assume the role of a cognitive and meta-cognitive coach, rather than knowledge holder and disseminator, and the students have to assume the role of active problem solvers rather than passive learners as information is a shared aim of teaching and learning process. The dramatic changes that are taking place as a result of globalisation means that the demand for education is increasing significantly.

There is a growing recognition of not only the need for skills development but also reskilling and a requirement for lifelong learning. In the current evolving education and work markets, there is a need for both staff and students to be involved in lifelong learning process to acquire and develop broad range of skills.

An innovative attempt was made by the UGCon 15th August 1984 to reach the undergraduate students in semi urban and rural areas. The objective of these programmes was to enrich the quality of education by opening a window to the world, but the one main drawback of these programmes was realised that the viewers can't communicate back to the teacher in an interactive mode and get answer to their queries as they can't question to the T.V. teacher. So the outcome of such dilemma led to theadvent of teleconference.

Teleconferencing is a new mixed model approach for Distance Education combining satellite teleconferencing with hands-onactivity session. It was developed to adjust for many of the disadvantages associated with Distance Education and traditional in-persontraining. It brings together a community of learners for interactive education anywhere, any time and any place. This uses live teleconference speakers, video clips, interactive call-in sessions andlocal session.Distance education is responsible for promoting quality information, resources and expertise. The early Distance educationsystems relied primarily on printed materials for instruction. Correspondence courses have been the most common delivery method of course materials to distant students. People may be geographically isolated because of distance, terrain, or undevelopedcommunication systems. There arethree main reasons for disseminating education to all societies: geographical isolation, social isolationand disadvantaged groups. Distance teaching techniques enable people to undertake a course of study inprivacy. The Web, whencombined with other network tools such aslistservs, Usenet newsgroups and video teleconferencing acts a virtual classroom to bring together acommunity of learners for interactive education. The growth of television, telecommunication, videotape,audio teleconferencing, audio graphics conferencing and videoconferencing permits linking thelearners and the instructors who are geographically separated. Teleconferencing is a unique method of providing real time face-to-face interaction that enables immediate peer and teacher interaction and the feedback. This interaction can minimise feelings of isolation and provide for a richer learning experience for students and staff at geographically separated sites.

Teleconferencing technologies are powerful tools for dispensing education and play a major role in the creation of new teaching and learning environments that are becoming increasingly common through the use of flexible delivery options. The use of new technologies in developing alternative teaching and learning environments provides many challenges to both teachers and learners. The development of effective

teaching and learning environments using media such as videoconferencing rely more on student centred approaches to learning. Teleconferencing overcomes the "access to the expert" gap by providing opportunities for face-to face-interaction on a regular basis. This provides a wealth of opportunities for both professional development for the staff and skills development for the students complementary to their knowledge acquisition. The staff is able to explore the most effective means of using videoconferencing technology to achieve positive learning outcomes. The experience of using technology enables the staff to develop a sound understanding of ways in which the technology could be best utilised which results in moving away from a didactic teacher centred model to a more interactive student centred model. The group work approach encourages the sharing of knowledge and peer support in a productive, positive environment. This approach also encourages the development of both critical thinking and problem solving skills as well as encourages learners towards more independent learning strategies. It is believed that there needs to be a more pronounced shift to a learner centred model of teaching and learning with students developing skills and confidence to share ideas, challenge opinions, and propose solutions in a positive and supportive environment. This approach also highlights the need for student development for new teaching and learning environments. It is felt that more extensive student awareness and preparation programs will not only form an essential part of future developments using teleconferencing technologies but also provide skills for students to become independent learners.

Teleconferencing has become an essential tool in maintaining course offerings to multi-campus institutions or for dispersed groups of students; and has the potential to promote more interactive and effective teaching and learning process. The following are the main advantages of Teleconferencing**:**

- Training programmes can be easily organised through teleconferencing.
- The satellite based technology of teleconferencing makes it possible totrain all the teachers simultaneously which is a massive task as they are not only large in numbers but also scattered throughout the country.
- Theparticipants actively and reasonably ask questions. It improves participants' keen observations, sharp thinking and further improves their listening comprehension and speaking skills.
- Low cost of communication compared to travel and other costs.
- Uniform instructions.
CRT or Cathode Ray Tube Monitor is the typical monitor that you see on a desktop computer. It looks a lot like a television screen, and works the same way.

Liquid Crystal Displays (LCD):

This type of monitors are also known as flat panel monitor. Most of these employ liquid crystal displays (LCDs) to render images. These days LCD monitor are very popular.When people talk about the capabilities of various monitors, one critical statistic is the resolution of the monitor.

Printer

After a document is created on the computer, it can be sent to a printer for a hard copy (printout). Some printers offer special features such as colored and large page formats. Some of the most commonly used printers are:

1. **Laser Printer**
2. **Ink Jet Printer**
3. **Dot Matrix Printer**
4. **Line Printer**

Laser Printer:

A laser printer produces high quality print that one normally finds in publishing. It is extremely fast and quiet.

Ink-Jet Printer:

An ink-jet printer creates an image directly on paper by spraying ink through as many as 64 tiny nozzles.

Dot Matrix Printer:

The dot matrix printer was very popular at one point of time. It is a very versatile and inexpensive output device.

Line Printer:

A line printer is generally used with large computer systems to produce text based data processing reports. Line printers are high-speed printers with speeds ranging anywhere from 100 to about 3800 lines per minute.

Plotter

A plotter is a special kind of output device that, like a printer, produces images on paper, but does so in a different way. Plotters draw curves by creating a sequence of very short straight lines. Plotters usually come in two designs:

1. **Flat Bed:** Plotters of small size to be kept on table with restriction of paper size.
2. **Drum:** These plotters are of big size using rolls of paper of unlimited length.

Speaker

Speakers are another type of output device, which allow you to listen to voice like music, and conversation with people.

Limitation of Computer:

1) Computer does not work on itself, it requires set of instructions to be provided, and else computer (Hardware) is waste.
2) Computer are not intelligent, they have to be instructed about each and every step which they have to perform
3) Computers cannot take decisions on its own, one has to program the computer to take an action if some conditional prevail.
4) Computers, unlike humans cannot learn by experience.

References:-
1) Fundamental of computers
2) www.wikipedia.com
3) www.google.com

Guest Teacher, Modern Dept. – Comp. Sci.
Rashtriya Sanskrit Sansthan (D.U.)
K. J. Somaiya Sanskrit Vidyapeetham,
Vidyavihar, Mumbai-400 077

❖❖❖

मराठी भाषेचे अंतरंग

✍डॉ. मीनाक्षी ब-हाटे

भाषा ही माणसाला निसर्गत: प्राप्त एक दैवी देणगी आहे. ज्या भोवतालच्या वातावरणामध्ये मनुष्य लहानाचा मोठा होतो. त्या भाषेचा परिणाम त्यांच्या मनावर पडतो. त्याला आपण भाषावैज्ञानिक दृष्टिकोनातून 'भाषिक क्षमता' असे म्हणतो. भाषा ही मुख्यत: ध्वनींच्या सानुक्रमरचनेपासून बनलेली आहे. हि रचना मुखातील वागिंद्रियातून अभिव्यक्त होते. भाषा हे विचारविनियमाचे प्रभावी माध्यम आहे. ज्यामार्फत आपण आपले विचार समाजातील सर्व स्तरांतील वर्गापर्यंत पोहचवू शकतो. यासाठी आपण आकाशवाणी, दूरचित्रवाणी, वृत्तपत्र नियतकालिके किंवा मासिके इत्यादी प्रसारमाध्यमांचा उपयोग करोत असतो.

भाषा हे संदेश देवाणघेवाण करण्याचे कार्य करते. त्यामुळे ही एक बौद्धिक क्रिया आहे. यांची नाळ भावना, कल्पना, विचार, संकल्पना आणि काही प्रमाणात विकारांशी जोडल्या गेली आहे. यांचे प्रतिबिंब त्यांच्या बोलण्यातून आपल्याला दिसते. भाषा ही सार्वभौम असते. व्यक्ती समाज-समूहाला एकाच सूत्रांमध्ये बांधण्याचे कार्य करते. भाषा ही संस्कृतीचे व्यवच्छेदक लक्षण मानले जाते.

भाषावैज्ञानिकांच्या दृष्टिकोनातून मानववंशशास्त्राला दखिल भाषाशास्त्राची एक उपशाखा मानली पाहिजे. कारण एखाद्या लहान मूलांच्या कानावर भाषा पडली असता, ते मूल लवकर ती भाषा आत्मसात करते. यालाच आपण 'भाषिक क्षमता' म्हणतो. असा सिद्धांत भाषावैज्ञानिक चॉमस्की, सोस्यूर, नोअम, सर विल्यम जोन्स यांनी मांडला. (इ. स. 1768) मध्ये कोलकत्ता येथे मांडला. भाषेच्या संदर्भात अनेक गैरसमजूती मानल्या जातात.

उदा. 'भाषा' असा विषय येताच आपणास हे गृहीत असते की, त्याचे स्वरुप लिखित स्वरुपातच असले पाहिजे. तो हाताने लिहिलेला नसावा. हा गैरसमज आपल्या मनावर लहानपणापासूनच असते. थोडक्यात लेखन ही भाषेच्या संदर्भातोल अपरिहार्य घटना आहे.

वास्तविक पाहता सर्वागाने भाषेचा अभ्यास करणारे क्षेत्र जेव्हा अस्तित्वात आले. तेव्हा भाषेला स्वत:ची संरचना असते, हे सर्व परिचित आहे. भाषा हे एक स्वतंत्र क्षेत्र असून त्याचा अभ्यास करणारी एक नवव्यवस्था आहे. त्याला आपण 'भाषाविज्ञान' म्हणतो. भाषाविज्ञानाच्या

शाखेमध्ये कोणत्याही बोलीचा अथवा इतर भाषेचा अभ्यास नसतो, तर भाषा पद्धतीचा सर्वांगाने अभ्यास असतो. ना. गो. कालेलकरांनी भाषेची नाळ आशयावर कार्यरत असलेल्या ध्वनीशी जोडली आहे. ही भाषा समाजव्यवहाराला सहाय्यभूत करणारी आहे. त्यामुळे भाषा एक पद्धत आहे. ज्या ज्या शाखेमध्य भाषेचा सर्वांगाने विचार केला जातो. त्या क्षेत्रांचा परिचय खालीलप्रमाणे -

भाषाविज्ञानाची कक्षा

1. ऐतिहासिक भाषाविज्ञान, 2. उपयोजित भाषाविज्ञान, 3. वर्णनात्मक भाषाविज्ञान, 4. समाजविज्ञान 5. मनोवैज्ञानिक भाषाविज्ञान, 6. मानववंश भाषाविज्ञान, 7. गणित भाषाविज्ञान

या शाखांमध्ये भाषेचा अभ्यास केला जातो. प्रत्येक प्रांताचे कार्य भाषेसाठी अतिशय उपयोगी आणि महत्त्वाचे मानल्या गेले आहे. ख-या अर्थाने विद्यार्थ्यांना हा विषय थोडयाफार प्रमाणात अवघड वाटतो. पण वास्तविक पाहता या अभ्यासक्षेत्राची आज मराठी भाषेला आणि साहित्याला अतिशय आवश्यकता आहे. कारण या मधून भारतामध्ये बोलल्या जाणा-या अनेक भाषांचा अभ्यास केला जातो.

उदा. तामिळ, तेलगू, मल्यालम, मराठी, हिन्दी, संस्कृत, उडिसा, कन्नड, आसामची भाषा, पंजाबी, खानदेशी, व-हाडी, डोंगी, नासिकची बागलान इत्यादी, अनेक भाषा आज भारतामध्ये प्रचलित आहे. ज्यांची आपल्याला ओळख देखील नसेल. अशा अज्ञात भाषांचा समावेश भाषा विज्ञानामध्ये आपल्याला पहायला मिळतो. यांचा आपण पुढील दृष्टिकोनातून विचार करणार आहोत.

प्रस्तुत लेखाचे प्रयोजन भाषा आणि भाषाविज्ञानाचे स्वरुप सविस्तरपणे अभ्यास हे यामागचे मुख्य प्रयोजन आहे. भाषाविज्ञानाच्या उपयोजिलेल्या ज्या संज्ञा आहेत. त्यामध्ये सोस्यूर (1857-1913) या स्विस भाषावैज्ञानिकाने भाषेची संरचना सांगून भाषाव्यवस्था आणि भाषिक वर्तन असे दोन मुद्दे मांडले आहेत. मात्र भाषेला स्वत:चे अस्तित्व नसते. मात्र या भाषिक वर्तनाला अनेक पैलू असतात. कारण आपले विचार व्यक्त करुन समाजापर्यंत पोहचविण्याचे एकमेव प्रभावी माध्यम भाषाच करत असते.

'लांग' या शब्दापासून सोस्यूर यांने भाषाव्यवस्थेची संकल्पना मांडली. ही एक सामूहिक जाणिव आहे. भाषेचे सर्व घटक आणि व्याकरण, वाक्यविन्यास यांसारखी नियमव्यवस्था तिला लाभलेली आहे. (वाक्यविन्यास म्हणजे ज्या संरचनेतून आपण आपल्या विचारांची सांगड घालतो, ते इतरापर्यंत पोहचवितो, ज्यामधून शब्दांची मांडणी आपण वाक्यामध्ये तयार करतो त्याला आपण 'वाक्यविन्यास' म्हणतो).

भाषाविज्ञान कक्षेचा थोडक्यात परिचय

ऐतिहासिक भाषाविज्ञान : या कक्षेमध्ये भिन्न-भिन्न (वेगवेगळया) भाषांचा तुलनात्मक अभ्यास केला जातो. यालाच इतिहास मागोवा घेणारी शाखा असेही आपण म्हणू शकतो. काल क्रमानुसार त्या-त्या भाषेचे स्थान शोधून तिच्या कालखंडानुसार मागोवा घेऊन त्यामधील भाषाभेद सांगणे, या ठिकाणी महत्त्वाचे असते. मुख्य हेतू भाषांतील परस्परसंबंध अभ्यासणे या लेखांचे उद्‌देश आहे.

वर्णनात्मक भाषाविज्ञानाला आपण संरचनावादी भाषाविज्ञान असेही म्हणतो. ही शाखा मुखत्त्वे आधुनिक भाषाविज्ञानाचा अभ्यास करणारी महत्त्वाची शाखा मानली जाते. यामध्ये एककालिक व संरचनात्मक विश्लेषणाला प्राधान्य असते. तर उपयोजित भाषाविज्ञानामध्ये भाषेची संरचना सांगून त्यांची मांडणी करणे आवश्यक आहे. मुद्‌दाहून या ठिकाणी विद्यार्थ्यांच्या पुढील अभ्यासासाठी याचा उपयोग व्हावा या हेतूने सर्व मुद्यांवर प्रकाश टाकण्याचा प्रयत्न केला आहे. शैक्षणिक, संवाद-भाषा, बहुभाषिक समाज यांचा समावेश उपयोजित भाषाविज्ञानमध्ये होतो.

समाजविज्ञान म्हणजे भाषा त्या सामाजिक वातावरणात वापरली जाते. त्यासमाज मनाचा परिणाम त्या भाषेवर पडत असतो. उदा. लोकसाहित्य, मनोवैज्ञानिक, गणितभाषाविज्ञान, मानववंश हिचा प्रत्यक्ष भाषाव्यवहारात उपयोग होतो. मनोवैज्ञानिक भाषेचे आपण एक उदाहरण घेता येईल. ते म्हणजे ज्या कुटुंबामध्ये लहान मूल लहानाचे मोठे होते त्या भाषेचा पडसाद त्यांच्या मनावर पडून ते मूल त्याच भाषेतून प्रथमपणे संवाद साधतो.

थोडक्यात भाषेचा वापर आणि मानवी मनाची समाजघडण या ठिकाणी अतिशय महत्त्वची असते.

संदर्भ ग्रंथः -

1. कानडे मु. श्री, मराठीचा भाषिक अभ्यास, स्नेहवर्धन प्रकाशन, नारायण पेठ, पुणे-30.
2. पुंडे द. दि., सुलभ भाषाविज्ञान, स्नेहवर्धन प्रकाशन, पुणे
3. गणोरकर प्रभा (संपा.), संज्ञा संकल्पना कोश, भटकळ प्रकाशन, मुंबई
4. मालशे स. गं., भाषाविज्ञान परिचय

अतिथी अध्यापिका, आधुनिक विभाग - मराठी
राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान (मा.वि.)
क. जे. सोमैया संस्कृत विद्यापीठ,
विद्याविहार, मुम्बई-77

❖❖❖

हिन्दी एवं संस्कृत-व्याकरण का तुलनात्मक अध्ययन

✍सुश्री एल्. सविता आर्या

व्याकरण की परिभाषा है-व्याक्रियन्ते व्युत्पाद्यन्ते शब्दाः अनेन इति व्याकरणम् । यह परिभाषा हिन्दी-व्याकरण हो या संस्कृत-व्याकरण उभयत्र समान रूप से अर्थगत होती है । क्योंकि किसी भी भाषा के ज्ञान के लिये शब्दों का ज्ञान अनिवार्य होता है और शब्दों का प्रयोग ज्ञान जिससे हो उसे व्याकरण कहते हैं । शब्द ज्ञान के लिये उस भाषा की वर्णमाला का ज्ञान आवश्यक होता है । क्योंकि भाषा का मूल आधार होती है वर्णमाला । वर्ण ज्ञान का तात्पर्य अक्षर ज्ञान से है, संस्कृत-व्याकरण में वर्ण शब्द के लिये अक्षर शब्द का प्रयोग पर्यायवाची के रूप में मिलता है, तद्यथा ऋषि दयानन्द कृत वर्णोच्चारणशिक्षा में-

अक्षरं न क्षरं विद्यात् अश्नोतेर्वा सरोक्षरम् ।
वर्णं वाऽऽहुः पूर्वसूत्रे किमर्थमुपदिश्यते ॥

हिन्दी-व्याकरण के अनुसार **वर्णमाला की परिभाषा**-किसी भाषा के समस्त वर्णों के क्रमबद्ध समूह को वर्णमाला कहते हैं । हिन्दी-व्याकरण के अध्ययन के लिये हिन्दी की मानक वर्णमाला का ज्ञान प्राथमिक है, जो कि सबसे अधिक प्रचलित और प्राचीन वर्गीकृत स्वर एवं व्यञ्जन में मिलता है ।

स्वर -उन ध्वनियों को कहते हैं जो कि स्वयं उच्चरित होते हैं ।

स्वयं राजन्ते इति स्वराः इति पाणिनीयशिक्षा ।

व्यञ्जन - व्यञ्जन उन ध्वनियों को कहते हैं जो स्वरों की सहायता से उच्चरित होते हैं ।

अन्वग्भवति व्यञ्जनम् इति पाणिनीयशिक्षा ।

वर्णमाला-हिन्दी की वर्णमाला के अन्तर्गत 13 स्वर एवं 33 व्यञ्जन हैं, इसके अतिरिक्त अनुस्वार, विसर्ग और चन्द्रबिन्दु ये कुल मिलाकर 49 वर्णसमूह मिलता है ।

संस्कृत-वर्णमाला के अन्तर्गत **त्रिषष्टि वर्णाः** कुल 63 वर्ण वर्णोच्चारणशिक्षा में निर्दिष्ट हैं।

हिन्दी में व्यञ्जन-समूह के लिये कवर्ग, चवर्ग, टवर्ग, पवर्ग आदि व्यवहार होता है, संस्कृत-व्याकरण में कु, चु, टु, तु, पु का व्यवहार प्रसिद्ध है । इन कु, चु, टु, तु का ही विकृत रूप है कवर्ग, चवर्गादि । जैसे कि पाणिनि ने-**कुहोश्चुः** (7-4-62), **चुटू** (1-3-7), **चोः कुः**

(8-2-30), **ष्टुना ष्टुः** (8-4-41) आदि प्रयोग करके **अणुदित् सवर्णस्य चाप्रत्ययः** (1-1-69) इस सूत्र द्वारा उदित् निर्देश से उनके सवर्णी का ग्रहण बताया है । सवर्णी का तात्पर्य है समान वर्णों का समूह, जैसे कि क, ख, ग, घ, ङ इन वर्णों में समानता देखे जाने से कु इतना मात्र उच्चारण से वह पाँच वर्णों का वर्ण समूह जाना जाता है, जिसे कि हिन्दी में वर्ग कहा जाता है अतः कवर्ग चवर्गादि व्यवहार हिन्दी में प्रसिद्ध है ।

उच्चारण स्थान के आधार पर-वर्ण का उच्चारण करते समय, श्वास वायु मुख के जिस अवयव से टकराती है, उसे वर्ण का उच्चारण स्थान कहते हैं । जैसे-कण्ठ्य, तालु, मूर्धा, ओष्ठ्य, दन्त, नासिका । इन वर्ग समूह का जो स्थान निर्देश हिन्दी व्याकरण में है वो पाणिनि के संस्कृत-व्याकरण में भी लगभग समान ही मिलता है । स्थाननिर्देश करते हुए पाणिनि का वचन है-

अष्टौ स्थानानि वर्णानामुरः कण्ठः शिरस्तथा ।

जिह्वामूलश्च दन्ताश्च नासिकोष्ठौ च तालु च ।।पा.शि.१४।।

1. **कण्ठ्य**-कण्ठ से उच्चरित ध्वनियों को कण्ठ्य ध्वनियाँ कहते हैं, जैसे-क, ख, ग, घ, ङ और विसर्ग तथा अ, आ स्वर भी कण्ठ्य हैं । ह के उच्चारण के लिये हिन्दी-व्याकरण के अन्तर्गत काकल्य ध्वनि स्थान का निर्देश है किन्तु संस्कृत-व्याकरण में तो ह को भी कण्ठ्य ही माना गया है, जैसे-**अकुहविसर्जनीयाः कण्ठ्याः**-पाणिनिशिक्षा ।

2. **तालव्य**-जिस ध्वनि का उच्चारण तालु से किया जाता है, जैसे-च, छ, ज, झ, ञ, य, श तथा इ, ई । तत्सम संस्कृत-व्याकरण में **इचुयशानां तालु**-पाणिनीयशिक्षा ।

3. **मूर्धन्य**-जिन ध्वनियों का उच्चारण मूर्धा की सहायता से किया जाता है, इसमें टवर्ग तथा र, ष ध्वनियाँ उत्पन्न होती हैं । संस्कृत-व्याकरण में पाणिनिशिक्षा का सूत्र है-**ऋटुरषाणां मूर्धा ।**

4. **दन्त**-दाँत की सहायता से उच्चरित ध्वनियाँ दन्त्य हैं, इसमें जिह्वाग्र या जीभ के नोंक की सहायता ली जाती है । हिन्दी के त, थ, द, ध दन्त्य हैं । न एवं ल को **वर्त्स्य** कहा है । वर्त्स्य मतलब मसूडे की सहायता से उत्पन्न जो ध्वनि । ल को हिन्दी-व्याकरण के अन्तर्गत **पार्श्विक व्यञ्जन** भी कहा जाता है । संस्कृत में न और ल दोनों वर्णों को दन्त्य वर्ण के अन्तर्गत ही अन्तर्भूत कर लिया जाता है, सूत्र है-**लृतुलसानां दन्त्याः** पाणिनीयशिक्षा ।

5. **दन्तोष्ठ्य**-जिनका उच्चारण ऊपर के दाँत और नीचे के होंठ की सहायता से होता है । हिन्दी-व्याकरण के अन्तर्गत व एवं फ दन्तोष्ठ्य वर्ण हैं, किन्तु संस्कृत-व्याकरण में केवल वकार को दन्तोष्ठ्य माना है, इसमें फ को भी ओष्ठ्य ही माना है, जैसे कि पाणिनीयशिक्षा का सूत्र है-**वकारोदन्त्योष्ठौ ।**

6. **ओष्ठ्य**-जिनका उच्चारण दोनों होठों से हो, जैसे-प, फ, ब, भ, म इन्हें ओष्ठ्य कहते हैं । पाणिनीयशिक्षा में कहा है-**उपूपध्मानीयानां ओष्ठ्याः ।**

7. **कण्ठोष्ठ्य**-कण्ठ से जीभ और होठों के कुछ स्पर्श से बोली जाने वाली ध्वनि जैसे-ओ एवं औ । इसी को पाणिनि कहते हैं-**ओदौतौ कण्ठ्योष्ठौ ।**

8. **कण्ठतालु**-कण्ठ से जीभ और तालु के कुछ स्पर्श से बोली जाने वाली ध्वनि जैसे-ए एवं ऐ । इसी को पाणिनि कहते हैं-**एदैतौ कण्ठ्यतालु ।**

9. **जिह्वामूलीय**-जिन ध्वनियों का उच्चारण जिह्वा के मूल या अन्तिम भाग से किया जाता है वे जिह्वामूलीय ध्वनियाँ हैं, इनका प्रयोग हिन्दी में नहीं देखा जाता है किन्तु संस्कृत-व्याकरण में इनका प्रयोग होता है ।

10. **अनुनासिक**-जिन ध्वनियों का उच्चारण नासिका मार्ग से किया जाता है । उन ध्वनियों को अनुनासिक कहा जाता है । अनुनासिक का चिह्न (ँ) चन्द्र बिन्दु है ।

अनुनासिक व्यञ्जन होता है । प्रत्येक वर्ग का पञ्चम वर्ण ङ, ञ, ण, न, म ।

संयुक्त वर्ण-क्ष, त्र, ज्ञ आदि जैसे हिन्दी वर्णमाला के अन्तर्गत देखे जाते हैं वैसे संस्कृत-व्याकरण में भी इनका प्रयोग होता है ।

मात्रा-किसी भी स्वर के उच्चारण में लगने वाले समय की नाप को मात्रा कहते हैं । जिसे संस्कृत-व्याकरण में काल या मात्रा पद से सम्बोधित किया जाता है जैसे-एकमात्रिक, द्विमात्रिक, त्रिमात्रिक । हिन्दी में एकमात्रिक, द्विमात्रिक, त्रिमात्रिक के लिये जैसे ह्रस्व, दीर्घ, प्लुत का प्रयोग होता है ।

अष्टाध्यायी में इसके लिये सूत्र लिखा है पाणिनि ने-**ऊकालोऽज्झ्रस्वदीर्घप्लुतः** (1-2-27)

ह्रस्वार्ध-हिन्दी व्याकरण के अन्तर्गत ह्रस्वार्ध का भी प्रयोग देखा जाता है किन्तु संस्कृत-व्याकरण में ह्रस्वार्ध का प्रयोग नहीं मिलता है । भाष्यकार पतञ्जलि ने भी इसका निषेध किया है ।

ध्वनियों के वर्गीकरण के आधार पर हिन्दी में मुख्य रूप से ६विभाग देखे जाते हैं-

1. प्रयत्न के आधार पर
2. उच्चारण के आधार पर
3. संयुक्त व असंयुक्त के आधार पर
4. स्थान के आधार पर
5. ह्रस्वता व दीर्घता के आधार पर
6. प्राणत्व के आधार पर

प्रयत्न के आधार पर-ध्वनि को उच्चरित करने के लिये ओष्ठ-ताल्वादिस्थानों का श्वासादि का जो प्रयास होता है उसे प्रयत्न कहते हैं । संस्कृत व्याकरण में पाणिनीयशिक्षा में दो प्रकार के

प्रयत्नों का निर्देश किया गया है-**प्रयत्नोऽपि द्विविधः, आन्तरिकं बाह्यश्च ।** उसी प्रकार हिन्दी व्याकरण में भी दो प्रयत्न बताये हैं-आन्तरिक एवं बाह्य ।

बाह्य प्रयत्न के अन्तर्गत स्वरों के उच्चारण के **सानुनासिक** एवं **निरनुनासिक** के भेद से 2 प्रकार के भेद देखे जाते हैं उसी प्रकार संस्कृत में भी इनका श्रवण होता है । बाह्य प्रयत्न के आधार पर ही व्यञ्जन ध्वनियों के भी दो भेद **घोष** एवं **अघोष** उभयत्र समान मिलते हैं ।

आभ्यन्तर प्रयत्न के आधार पर जिस प्रकार से हिन्दी व्याकरण में भेद निदिष्ट हैं ठीक उसी प्रकार संस्कृत में भी निर्दिष्ट हैं । यथा-**संवृत, अर्धसंवृत, अर्धविवृत विवृत ।** अर्धसंवृत एवं अर्धविवृत को ही संस्कृत व्याकरण में ईषत्संवृत एवं ईषत् विवृत कहा जाता है ।

इस प्रकार संस्कृत-व्याकरण का ही अंश होने के कारण हिन्दी-व्याकरण के अन्तर्गत अत्यल्प ही भेद देखा जाता है । अधिकाधिक रूप से दोनों ही व्याकरण में समानता प्राप्त होती है ।

सन्दर्भग्रन्थ

1. वर्णोच्चारण शिक्षा ।
2. पाणिनीय शिक्षा ।
3. अष्टाध्यायी शिक्षा ।

अतिथि अध्यापिका,
राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान (मा.वि.)
राजीव गान्धी परिसर,
श्रृङ्गेरी

❖❖❖

पारम्परिक संस्कृत संस्थानों में हिन्दी अध्ययन-अध्यापन की प्रासंगिकता

✍श्रीमती अंजु शर्मा

परिवर्तन शाश्वत सत्य है... युग ने फिर करवट ली है... चिंतन और विचारों की पृष्ठभूमि बदलती नजर आ रही है... प्राचीनता में नूतनता का समावेश हो रहा है । सच तो ये है कि, आज सम्पूर्ण विश्व के एक परिधि में सिमट जाने से परम्पराओं पर भी वक्त अपनी छाप छोडने लगा है। विभिन्न संस्कृतयों के समावेश से स्वत: ही आधुनिकता सर्वत्र दृष्टिगोचर होने लगी है । समाज और सभ्यता में अपनी जड जमाती आधुनिकता के प्रभाव से शिक्षा भी अछूती नहीं रही है । वर्तमान समय में शिक्षा पद्धति में नित-नए परिवर्तन के कारण नए-नए प्रयोग भी किए जा रहे हैंऔर भाषा ही इन सब का माध्यम है, इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं । बदलते दौर में भाषा में परम्परा और आधुनिकता का समन्वय दिखाई देने लगा है । परन्तु यह भी शाश्वत सत्य है कि, भारतीय सभ्यता और संस्कृति को पहचान देनेवाली भाषा संस्कृत है । इसी भाषा में हमारी शिक्षा पद्धति की नींव रखी है । दरअसल संस्कृत पारम्परिक भाषा है... वेद पुराणों की भाषा है ... शुभ मंगल उच्चारण है ... प्राचीन ऋषि मुनियों और सन्त कवियों की बाली है ।

सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं धार्मिक महत्त्व के कारण संस्कृत को एक प्रतिष्ठित स्थान पर स्थापित कर दिया गया है । फल स्वरूप वह जनसामान्य की बोली का दर्जा नहीं प्राप्त कर सकीं परन्तु संस्कृत से ही जन्मी उसकी अपनी हिन्दी आम जन की जुबां पर चढकर बोलने लगी और इस तरह हिन्दी सामान्य जन द्वारा सामान्य बोलचाल हेतु प्रयोग में लायी जाने लगी । वस्तुत: हिन्दी और संस्कृत आपस में इस कदर गुंथी है कि, इन्हें किसी भी रूप में एक-दूसरे से पृथक करना सम्भव ही नहीं है । संस्कृत अगर ज्ञान की भाषा है तो हिन्दी संवाद की भाषा है.... संस्कृत को सीखने का जरिया है हिन्दी.... ऐसे में पारम्परिक संस्कृत संस्थानों में हिन्दी अध्ययन-अध्यापन की प्रासंगिकता और भी बढ जाती है । आज वैश्वीकरण के कारण जब सभी राष्ट्र एक दूसरे की संस्कृति और इतिहास को जानने का प्रयत्न कर रहे है, तो ऐसे में भारत की ओर रुख करने वाले प्रत्येक जिज्ञासु को संस्कृत से जुड़ना अवश्य होगा और संस्कृत से जुडने के लिए हिन्दी को ही माध्यम बनाना होगा, जो आज भारत की राष्ट्रभाषा से सम्मानित है, जो भारत की सम्पर्क भाषा है । संस्कृत और हिन्दी के शब्द और उनकी व्याकरण की समानता से भी उनका अध्ययन-अध्यापन

प्रासंगिक हो जाता है । संस्कृत के श्लोकों का सरल एवं प्रभावी अनुवाद या कहें कि उसका सरलीकरण जितना हिन्दी में सम्भव है वैसा अन्य किसी भाषा में नहीं । दोनों भाषाओं की अपनी-अपनी विशिष्टता है और दोनों को किसी भी तरह से कमतर नहीं आँका जा सकता । विश्वस्तर पर भारत को प्रतिष्ठित करने हेतु इन दोनों को साथ लेकर चलना आवश्यक है ।

चूँकि वर्तमान समय तकनीकी और मशीनीकरण का युग है । अत: ऐसे में इन भाषाओं कों सहजकर रखना इनके साहित्य का संरक्षण अवश्यंभावी हो चुका है और यह तभी संभव है जब प्राचीन परम्पराओं की इन प्राचीन भाषाओं का पारम्परिक संस्थानों मं समन्वयात्मक रूप से अध्ययन और अध्यापन कराया जाए ताकि भारत की पहचान और संस्कृति को एक नया आयाम भी मिल सक और इसे संरक्षित भी रखा जा सके ।

गवेषिका,
गुरुनानक खालसा महाविद्यालय
माटुंगा, मुम्बई

❖❖❖

बड़ों के प्रति ऐसा हो व्यवहार

✍मुकेश शर्मा

- अपने से श्रेष्ठ और अपने से निम्न व्यक्तियों की शय्या और आसन पर नहीं बैठना चाहिए।
न साम्मुख्ये गुरोः स्थेयं राज्ञः श्रेष्ठस्य कस्यचित् । (शुक्रनीति ०३/१४७)
- गुरु, राजा या किसी श्रेष्ठ व्यक्ति के सम्मुख बिना अनुमति के नहीं बैठना चाहिए ।
- गुरु, देवता, ब्राह्मण, गौ, वायु, अग्नि राजा, सूर्य, चन्द्रमा और अपने से श्रेष्ठ व्यक्तियों के सामने पैर नहीं फैलाने चाहिए ।
- गुरु तथा श्रेष्ठ पुरुषों के किसी वचन का अपने वचन से खण्डन नहीं करना चाहिए ।
- गुरुजनों तथा राजा के सामने ऊँचे आसन पर न बैठे और उनके वचनों को तर्क द्वारा खण्डन न करें ।
- जा मनुष्य श्रेष्ठ पुरुषों के सम्मुख ऊँचे आसन पर बैठता है, वह निश्चय ही इस लोक में और परलोक में कष्ट पाता है ।
- अपने से बड़ों के सामने मल-मूत्र त्याग या थूँकना नहीं चाहिए ।
- बड़े पुरुष सोते हा, तो उन्हें नहीं जगाना चाहिए ।
- अत्यन्त क्रोध की अवस्था में भी अपने से पूज्य पुरुषों की आज्ञा का उल्लंघन नहीं करना चाहिए ।
- देव, मन्दिर, ब्राह्मण, गाय, और अपने से बडों के पास पहुँचने से पहले ही रथ (वाहन) से उतर जाना चाहिए ।

गुरु-शिष्य सम्बन्ध की शालीनता

- गुरु को चाहिए कि, वह शिष्य को परी तरह मानते हुए और उसकी उन्नति की इच्छा करते हुए सभी धर्मों में कुछ भी गुप्त न रखते हुए उसे विद्या प्रदान करें । (आपस्तम्बधर्मसूत्र 1/2/8/25) ।
- गुरु आपत्ति के सिवाय अन्य समय में शिष्य के अध्ययन में विघ्न पहुँचाकर उसे अपने किसी कार्य में न लगाए ।
- गुरु को बहुत विचार करके ही शिष्य बनाने चाहिए अन्यथा शिष्य के दोष के कारण गुरु भी नरक में जा सकता है । (रूद्रमालय 2/86)

- मन्त्रिदोषश्च राजानं जायादोषः पतिं यथा । तथा
  प्राप्नोत्यसन्देहं शिष्य-पापं गुरुं प्रिये ।। (कुलार्णवतंत्र 11/109)
- अर्थात् जिस प्रकार मन्त्री का पाप राजा को और स्त्री का पाप पति को प्राप्त होता ह । उसी प्रकार निश्चय शिष्य का पाप गुरु को प्राप्त होता है ।
- एकमात्र पति ही स्त्रियों का गुरु है । अतः स्त्री को पति के सिवाय किसी को गुरु नहीं बनाना चाहिए । इस सन्दर्भ में पद्मपुराण (सर्ग 5/52) मे कहा गया है - पतिरेको गुरुः स्त्रीणाम् ।
- गुरु के सामने किसी वस्तु का सहारा लेकर अथवा पैरों को फैलाकर नहीं बैठना चाहिए ।
- क्रुद्ध गुरु के मुख पर दृष्टि नहीं डालनी चाहिए ।
- शिष्य को चाहिए कि वह परोक्ष में भी गुरु के नाम का उच्चारण न करें और गुरु की गति, भाषण, चेष्टा आदि की नकल न करें ।
- जो दुष्ट संकल्प वाले निषिद्ध (दुराचारी) गुरु का शिष्य बनता है, उसे महाप्रलय पर्यन्त पुनः मनुष्य शरीर नहीं मिलता ।
- यत्रानन्दः प्रबोधो वा नाल्पमप्युपलभ्यते ।
  वत्सरादपि शिष्येण सोऽन्यं गुरुमुपाश्रयेत् ।। (शिवपुराण वा 3 15/46-47)
- अर्थात् - जिसके पास एक वर्ष तक रहकर भी शिष्य में थोडे से भी आनंद और प्रबोध की उपलब्धि न हो, वह शिष्य उसे छोडकर दूसरे का गुरुआश्रय ले ।

शिक्षाशास्त्री
राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान (मा.वि.)
क. जे. सोमैया संस्कृत विद्यापीठ,
विद्याविहार, मुम्बई-77

❖❖❖

शिक्षा

✍सस्मिता राणा

बहुत समय पहले की बात है, सुदूर दक्षिण में किसी प्रतापी राजा का राज्य था, राजा के तीन पुत्र थे । एक दिन राजा के मन में आया कि, पुत्रों को कुछ ऐसी शिक्षा दी जाए कि, समय आने पर वो राजकाज संभाल सकें । इसी विचार के साथ राजा ने सभी पुत्रों को दरबार में बुलाया और बोला, 'पत्रों, हमारे राज्य में नाशपाती का कोई वृक्ष नहीं है । मैं चाहता हूँ तुम सब चार-चार महीने के अंतराल पर इस वृक्ष की तलाश में जाओ और पता लागाओ कि, वह कैसा होता है ?' राजा की आज्ञा पाकर तीनों पुत्र बारी-बारी से गए और वापस लौट आये । सभी पुत्रों के लौट आने पर राजा ने पुनः सभी को दरबार में बुलाया और उस पेड़ के बारे में बताने को कहा, पहला पुत्र बोला, 'पिताजी वह पेड़ तो बिलकुल टेढा-मेढा और सूखा हुआ था ।'

नहीं-नहीं वो तो बिलकुल हरा-भरा था, लेकिन, शायद उसमें कुछ कमो थी, क्योंकि उस पर एक भी फूल नहीं लगा था, दूसरे पुत्र ने पहले को बीच में ही रोकते हुए कहा । फिर तीसरा पुत्र बोला, 'भैया, लगता है आप भी कोई गलत पेड देख आए क्योंकि मैंने सचमुच नाशपाती का पेड देखा, वो बहुत ही शानदार था और फलों से लदा पडा था ।' तीनों पुत्र अपनी-अपनी बात को लेकर आपस में विवाद करने लगे कि, तभी राजा अपने सिंहासन से उठे और बोले, 'पुत्रों, तुम्हें आपस में विवाद करने की कोई आवश्यकता नहीं है, दरअसल तुम तीनों ही वृक्ष का सही वर्णन कर रहे हो, मैंने जानबूझ कर तुम्हें अलग-अलग मौसम में वृक्ष खोजने भेजा था और तुमने जो देखा वो उस मौसम के अनुसार था । मैं चाहता हूँ कि, इस अनुभव के आधार पर तुम तीन बातों को गाँठ बाँध लो, पहली, किसी चीज के बारे में सही और पूर्ण जानकारी चाहिए तो तुम्हें उसे लम्बे समय तक देखना-परखना चाहिए, । दूसरी, हर मौसम एक सा नहीं होता, जिस प्रकार वृक्ष मौसम के अनुसार सूखता, हरा-भरा या फलों से लदा रहता है

अतः अगर तुम कभी, भी बुरे दौर से गुजर रहे हो तो अपनी हिम्मत और धैर्य बनाए रखो । तीसरी बात, अपनी बात को ही सही मानकर उस पर अडे मत रहो, दूसरों के विचारों को भी जानों, यह संसार ज्ञान से भरा पडा है । चाहकर भी तुम अकेले सारा ज्ञान अर्जित नहीं कर सकते, इसलिए भ्रम की स्थिति में किसी ज्ञानी व्यक्ति से सलाह लेने में संकोच मत करो ।

शिक्षाशास्त्री
रा. सं. सं., मुम्बई परिसर ।

जगदगुरु आदि शंकराचार्य के चार शिष्य

✍विकास कुमार पाण्डेय

जगद्गुरु आदिशंकराचार्य भलीभाँति परिचित थे कि, कोई भी विद्या या साधना संप्रदायानुगत हुए बिना स्थाई नहीं होती । वेदान्त साधना के आदर्श अद्वैत की अमृतधारा अनवरत प्रवाहित होती रहे, इसके लिए उन्होंने चार प्रान्तों में चार मठ स्थापित किए । आचार्य ने पद्मपाद, हस्तामलक सुरेश्वर और त्रोटक अपने इन चार प्रधान शिष्यों को चार मठों पर का प्रथम कार्यभार सौंपा । जिसमें पद्मपाद की कथा इस प्रकार है ।

सनन्दन से पद्मपाद तक

सनन्दन नामक एक चोल देशीय ब्राह्मण कुमार तत्वज्ञान की प्राप्ति के निमित्त सद्गुरु की खोज में धर्मनगरी काशी आया, काशी में ही उसे शंकर की अलौकिक एवं असामान्य प्रतिभा की चर्चा सुनने को मिली बालक मन श्रद्धालु हो उठा । शंकर को गुरु रूप में वरण करने की इच्छा से उनके चरणों में प्रणत होकर अपनी अभिलाषा व्यक्त की । आचार्य अनुमति पा कर सनन्दन उनके साथ रहने लगे । कुछही दिनों की आचार्य संगति और उनके देवोमय प्रभाव ने सनन्दन को इतना आकृष्ट कर लिया कि उन्होंनें आचार्य से सन्यास ग्रहण करने की प्रार्थना कर डाली । आचार्य ने भी प्रसन्न चित्त सनन्दन के वैदिक लगाव को देखते हुए सन्यास धर्म की दीक्षा देकर शिष्य रुप में उसे वरण कर लिया । आचार्य का शिष्यत्व ग्रहण कर सांसारिक प्रपंचों से वीतराग हुए । सनन्दन ने 'बल' नामक पर्वत पर जाकर भगवान नृसिंह देव की कठोर आराधना की । तीव्र से तीव्र तर आराधना में लगे सनन्दन को नृसिंह देव के दर्शन प्राप्त हुए और उन्हे अभय वरदान प्राप्त हुआ । भगवद् कृपा प्राप्त कर सनन्दन पुनः आचार्य सेवा रत हुए । असीम गुरु भक्ति उन्हें अति शीघ्र ही आचार्य का विशेष प्रियपात्र बना दिया । यही बात आचार्य के अन्य शिष्यों को खटकती थी । आचार्य को यह ज्ञात था इसलिए आचार्य ने यह सोचकर एक उपाय तैयार किया जिससे सनन्दन की श्रेष्ठता भी सिद्ध हो जाए और अन्य शिष्यों के हृदय में पनप रहीकलुषित विचारधारा का भी समन हो उठे । कहते हैं कि एक दिन किसी प्रयोजन बस सनन्दन अलकनंदा नदी के उस पार गए हुए थे । उसी क्षण आदि शंकराचार्य ने सनन्दन को श्रेष्ठतम सिद्ध करने के लिए - मानो कोई विशेष प्रयोजन हो, इस भाव से उच्च स्वर में आवाज लगाई - सनन्दन ! सनन्दन ! शीघ्र आओ । गुरुदेव की आवाज सुनकर सनन्दन विचलित हो गया और उसे लगाकि कही गुरुदेव संकट में तो

नहीं हैं, यही सोचकर प्राणों का मोह किए बिना सनन्दन सीधे अलकनन्दा नदी में कूद पड़े । हिमाच्छन्न अलकनन्दा का प्रवाह इतना तीव्र था कि उसे पार करना सबके बस की बात नहीं थी । अन्य शिष्य यह दृश्य देखकर सनन्दन की मृत्यु निश्चित मान कर सब हाहाकार करने लगे । पर देव रक्षित सनन्दन के प्राणों की रक्षा हेतु आद्य शक्ति महामाया की कृपा से नदी में जगह-जगह कमल प्रस्फुटित हो उठे और सनन्दनइन्ही कमलों पर पैर रखते हुए नदी पार कर हाँफते हुए (आचार्य) आदि गुरु शंकराचार्य के पास पहुंचे । यह सब देखकर सारे शिष्य अलौकिक घटना से अवाक् थे । आचार्य ने सभी शिष्यों की ओर इशारा करते हुए कहा कि सनन्दन पर भगवती की अत्यन्त कृपा है इसलिए आज से इसका नाम पद्मपाद होगा ।

शिक्षाशास्त्रो
राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान (मा.वि.)
क. जे. सोमैया संस्कृत विद्यापीठ,
विद्याविहार, मुम्बई-77

❖❖❖

रामचरितमानस में निर्गुण और सगुण ब्रह्म का समन्वय

✍रविशंकर पाण्डेय

जिस समय में मानस की रचना हो रही थी उस समय भारत में मुख्यत: चार दार्शनिक सम्प्रदायप्रचलित थे – द्वैत, अद्वैत, विशिष्टाद्वैत एवं शद्धाद्वैत । तुलसीदासजी ने अपने महान काव्य रामचरित मानस में इन चारों सिद्धान्तों का समन्वय किया है । सभी दार्शनिक वे चाहे द्वैतवादी हों या अद्वैतवादी हों, शद्धाद्वैतवादी हों या विशिष्टाद्वैतवादी, इनके कथनों में अपने कथनों का समर्थन पाकर इन्हें अपनी ओर खींचने का प्रयास करते हैं ।

तुलसीदासजी उन भक्त कवियों में से एक थे जिन्होंने तात्कालिक सामन्तवादी परिस्थितियों का गहराई के साथ अध्ययन एवं अनुशीलन करके समाज में व्याप्त विषमता एवं वैमनस्यता दूर करने का प्रयास किया । इस समन्वय के लिए तुलसी ने सामाजिक, पारिवारिक, आध्यात्मिक, नैतिक आदि सभी क्षेत्रों में समन्वयात्मक दृष्टिकाण अपनाया जिसके कारण इन्हें लोकनायक भी कहा जाता है । तुलसीदास जी सगुण और निर्गुण का सदैव समन्वय करते हैं । वे दोनों में कोई भेद नहीं मानते – रामचरितमानस में इन्होंने शिव जी के माध्यम से अपनी बात कही है ।

निज भ्रम नहिं समुझई अज्ञानी ।
प्रभु पर मोह धरहि जडप्रानी ॥ (रा. च. मा. बालकाण्ड दोहा ११५)

उनका कहना था कि, सगुण और निर्गुण में कोई भेद नहीं है । वस्तुत: जिस प्रकार जल सगुण है और हिम अर्थात् बर्फ निर्गुण अत: दोनों में कोई अन्तर नहीं है मात्र समझ का फेर है ।राम यद्यपि सगुण स्वरूप है परन्तु उनमें और निगुर्ण ब्रह्म में तनिक भी अन्तर नहीं है । राजा जनक भी राम को निर्गुण ही मानते हैं और साथ ही गुणराशि कहते हैं । **'निर्गुण सगुण विषम सम रूप'** । मत्यु के पश्चात् जटायु जी ने भगवान की स्तुति इस प्रकार की है

'जुग पेखन तुम देखन हारे । विधि हरि शंभु नचावन हारे ॥
तेउ न जानहिं मरम तुम्हारा । और तुम्हहि को जाननिहारा ॥'

निगुर्ण और सगुण के अभेद भाव को व्यक्त करने के लिए ही तुलसीदास जी ने राम को विष्णु का अवतार मानकर स्वयं निराकार ब्रह्म ही माना है । जबकि पुराणों में भगवान विष्णु के तीन रूप हैं, सत्व, रज्, तम् के प्रतोक ब्रह्मा, विष्णु, महेश के रूप में माने गए हैं और विष्णु

भगवान ने पृथ्वी के दु:खो को दूर करने के लिए मुख्य दस अवतार लिए हैं । जिसमें सातवां अवतार राम को माना जाता है । किन्तु तुलसीदासजी ने राम को परम् ब्रह्म माना है ।

ब्रह्मा, विष्णु, महेश भी जिसका मर्म नहीं जानते ऐसे राम हैं । चित्रकूट में अयोध्या वासियों के सामने राम का परिचय देते हुए महामुनि वशिष्ट ने कहा था कि ब्रह्मा, विष्णु और महेश आदि सभी देवता राम की आज्ञा का पालन करते हैं ।

''शारद कोटि अमित चतुराई । विधि सत् कोटि सृष्टि निपुनाई ॥
विष्णु कोटि सम पालन कर्ता, रुद्र कोटि सत सम संहर्ता ॥(रा.च.मा.जं.का.)

उत्तरकाण्ड में परब्रह्म परमेश्वर की विशेषताओं का वर्णन करते हुए काकभुशुंडि ने गरुड़ से बतलाया था कि ऐसे परम् ब्रह्म परमेश्वर को विष्णु का अवतार नहीं कहा जा सकता ।

''एवमस्तु कहि रमानिवासा । हरषि चले कुम्भज रिषि पासा ॥''

यह सत्य है कि पुराणों के प्रभाव से रामचरित मानस में भगवान राम का रमा निवास और रमा रमण, रमानाथ तथा इन्दिरापति का वर्णन है । तात्पर्य यह है कि निर्गुण समझने वाले को तुलसी निर्गुण ब्रह्म का वर्णन करते हैं और सगुण रूप की पूजा करने वाले मनुष्य के लिए सगुण रूप का वर्णन करते हैं, अत: निर्गुण और सगुण ब्रह्म ही तुलसी का प्रतिपाद्य विषय है ।

''निर्गुण ब्रह्म सगुण बपु धारी'' (रा.च.मा.बा.का.)

यहाँ हम इन्हें निर्गुण ब्रह्म के निरूपण में शंकराचार्य के समीप पाते हैं । और सगुण ब्रह्म के निरुपण मे रामानुज और वल्लभ के समीप पाते हैं । वे शंकराचार्य की भाँति ब्रह्म को न तो केवल निर्गुण ही कहते हैं । और बल्लभाचार्य की भाँति न तो केवल सगुण ही कहते हैं । बल्कि वेदान्त ने ब्रह्म के जितने स्वरूपों का निरूपण किया था । तुलसी ने उन सबका संश्लेषण निर्गुण और सगुण रूप में दिया है और अपने राम को दोनो का समन्वित रुप दे दिया है क्योंकि तुलसी की दृष्टि मे निर्गुण और सगुण में कोई तात्विक अन्तर नहीं जान पड़ता । अव्यक्त रूप वाला परम् ब्रह्म ही व्यक्त हो जाने पर सगुण कहलाता है ।

''हिय निर्गुण नयनहिं सगुण रसना नाम सुनाम
मतहु पुरर संपुट लसत तुलसी ललित ललाम ॥'' (रा.च.मा.)

तुलसी समय-समय पर निर्गुण एवं सगुण के सापेक्षित महत्व एवं समन्वय का परिचय देते रहते हैं । वह समन्वय इसलिये कि वे जिन चरित नायक के चरित का वर्णन कर रहे हैं वे कोई और नहीं बल्कि नाना पुराण निगमागम सम्मत ब्रह्म ही हैं ।

अतः निष्कर्षतः हम यह कह सकतें है कि तुलसी ने ब्रह्म के विषय मे किसी वाद का अन्धानुकरण नहीं किया बल्कि सभी वादों की विशेषताओं के साथ उन्होंने ब्रह्म का निरूपण किया।

''अगुन सगुन दुई ब्रह्म सरूपा ।
अकथ अगाध अनादि अनूपा ॥'' (रा.च.मा)

निर्गुण के बिना जाने सगुण की उपासना करें तो मोह हो जाता है । जैसे गरुड़ जी और भुशुण्डि जी को हुआ । निर्गुण को बुद्धि से निश्चित करके सगुण में प्रीति करना चाहिये । जैसे भोजन पच कर पक्वाशय के चला जाता है और इसका पता नहीं चलता उसी प्रकार अज्ञान को भक्ति पचा लेती है । सगुन और निर्गुण ब्रह्म का समन्वय करके श्री रामचन्द्र जी के चरणों में प्रणाम कर नमन कर अपने वाणी को विराम देता हूँ ।

संदर्भ

1. रामचरितमानस का दार्शनिक दृष्टिकोण : डॉ. सरोज उपाध्याय
2. रामचरितमानस : गो. तुलसीदास

शास्त्री, तृतीय वर्ष
राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान (मा.वि.)
क. जे. सोमैया संस्कृत विद्यापीठ,
विद्याविहार, मुम्बई-77

❖❖❖

धरती के लाल

✍चन्द्रमा पौड्याल

रोने न देंगे इस धरती को
छाती चीर के खून हम बहाएँगे ।
हम रहें ना रह देखने को
पर सुबह हम नया गुल खिलाएँगे ॥

खून पसीना एक-एक कर
मिट्टी का कर्ज चुकाएँगे ।
झुकने न देंगे तिरंगे को
इस देश का मान बढाएँगे ॥

देश में होगी ईद, दीवाली
सरहद पे होली मनाएँगे ।
सर्वोच्च शिखर पे खडे होकर
जय हिन्द का नारा लगाएँगे ॥

देश के गौरव और कला को
दिग दिगन्त फैलाएँगे ।
जब नाज होगा भारत माँ को
ऐसा सवेरा हम लाएँगे ॥

प्राण अपने ही गवांकर
लोगों को जीना सिखाएँगे ।
डर से दूर होंगे अब एक-एक जन
अब तो ऐसा भारत बनाएँगे ॥

झेल सकें सब हर मुसीबत
अब ऐसा माहौल बनाएँगे ।
बुझा न पाएँगे हर ताकत
अब तो आँधी में दीपक जलाएँगे ॥

शास्त्री, तृतीय वर्ष
राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान (मा.वि.)
क. जे. सोमैया संस्कृत विद्यापीठ,
विद्याविहार, मुम्बई-77

पर्यावरण प्रदषण की समस्या

✍गोपाल पौड्याल

सामान्य जीवन प्रक्रिया में जब अवरोध होता है तब पर्यावरण की समस्या जन्म लेती है । यह अवरोध प्रकृति के कुछ तत्वों के अपनी मौलिक अवस्था में न रहने और विकृत हो जाने से प्रकट होता है । इन तत्वों मे प्रमुख है जल, वायु, मिट्टी आदि । पर्यावरणीय समस्याओं से मनुष्य और अन्य जीवधारियों को अपना सामान्य जीवन जीने में कठिनाई होने लगती है और कई बार जीवन–मरण का सवाल पैदा हो जाता है ।

प्रदूषण भी एक पर्यावरणीय समस्या है जो आज विश्वव्यापीबन गई है । उद्योगों और मोटरवाहनों का बढ़ता उत्सर्जन और वृक्षों की निर्मम कटाई प्रदूषण के कुछ मख़्य कारण हैं । विश्व में प्रति वर्ष लगभग 1.1 करोड़ हेक्टेयर का वन काटा जाता है । भारत में लगभग 10 लाख हेक्टयर के लगभग वन काटा जा रहा है । वनों के विनाश के कारण वन्य–जीव लुप्त हो रहे हैं । वनों के क्षेत्रफल में लगातार होती कमी के कारण भूमि का कटाव और रेगिस्तान क फैलाव में वृद्धि हुई है । प्रदूषण का अभिप्राय प्राकृतिक वातारण में होने वाले सभी हानिकारक परिवर्तनों से है जो मानवीय गतिविधियों का परिणाम है । प्रदूषण, पर्यावरण में दूषक पदार्थों के प्रवेश के कारण प्राकृतिक संतुलन में पैदा होनवाले दोष को कहते हैं । प्रदूषण पर्यावरण को और जीव–जन्तुओं को नुकसान पहुँचाते है । प्रदूषण का अर्थ है – हवा, पानी, मिट्टी आदि का अवांछित तत्वों से दूषित होना, जिसका सजीवों पर प्रत्यक्ष रुप से विपरीत प्रभाव पडता है, तथा पारिस्थितिकि तंत्र भी प्रभावित होता है । पर्यावरण प्रदूषण में मानव की विकास प्रक्रिया तथा आधुनिकता का महत्वपूर्ण योगदान है ।

प्रदूषण के मुख्य तीन प्रकार हैं–

वायु प्रदूषण

वायु में हानिकारक पदार्थ छोडनें से वायु प्रदूषित हो जाती है । यह स्वास्थ्य–समस्या पैदा करती है तथा पर्यावरण एवं सम्पत्ति को नुकसान पहुँचाती है । इससे ओजोन पर्त में बदलाव आया है जिससे मौसम में परिवर्तन हो गया है । आधुनिकता तथा विकास ने बीते वर्षों में वायु को प्रदूषित कर दिया है । उद्योग, वाहन, शहरीकरण कुछ प्रमुख घटक हैं जिनसे वायु प्रदूषण बढता है।

वायु प्रदषण के कुछप्रकृति-जन्य कारण भी ह । जैसे मरुस्थलों में उठने वाले रेतील तूफान, जंगलो में लग जाने वाली आग एवं घाँस के जलने से उत्पन्न धुआँ कुछ ऐसे रसायनों को जन्म देता हैजिससे वायु प्रदूषित हो जाती है । प्रदूषण का स्त्रोत कोई भी देश हो सकता हैपर उसका प्रभाव सब जगह पडता है ।

वायु प्रदूषण के कुछ प्रमुख स्त्रोत

1. कार्बन मोनोक्साईड
2. कार्बन डायऑक्साईड
3. क्लोरो-फ्लोरो कार्बन
4. लैड
5. ओजोन
6. नाइट्रोजन आक्साइड

हवा में स्थित गैसों की उपस्थिति से मनुष्य, पशुओं तथा पक्षियों को गम्भीर समस्याओं का सामना करना पडता है । इसमें दमा, सर्दी-खाँसी, अँधापन, श्रवणशक्ति मे कमजोरी, त्वचा रोग जैसे अनेक प्रकार की बिमारियाँ पैदा होती है ।

जल प्रदूषण

जल प्रदूषण का अर्थ है पानी में अवांछित तथा घातक तत्त्वों की उपस्थिति से पानी का दूषित हो जाना, जिससे कि वह पीने योग्य नहीं रहता । जल प्रदूषण के विभिन्न कारण निम्नलिखित है:-

- मानव मल का नदियों, नहरों आदि में विसर्जन जिससे जल प्रदूषण होता है ।
- सफाई तथा सीवर का उचित प्रबंध न होना ।
- विभिन्न औद्योगिक इकाईयों द्वारा अपने कचरे तथा गंदे पानी का नदियों, नहरों में विसर्जन ।
- कृषि कार्यों में उपयोग होनेवाले जहरीले रसायनों तथा खादों का पानी में घुलना ।
- नदियों में कूड़े-कचरे, मानव-शवों और पारम्परिक प्रथाओं का पालन करते हुए उपयोग में आने वालेसामग्री का समीप के जल स्त्रोत में विसर्जन करना ।

जल प्रदुषण से मनुष्य, पशु, पक्षो तथा वनस्पति प्रभावित होते हैं ।

भूमि प्रदूषण (मृदा प्रदूषण)

भूमि प्रदूषणसे अभिप्राय जमीन पर जहरीले, अवांछित और अनुपयोगी पदार्थों का भूमि में विसर्जित करने से है।इससे भूमि का निम्नीकरण होता है तथा मिट्टो की गुणवत्ता प्रभावित होती है। ठोस अवशिष्ट पदार्थ के कारण आज भूमि में प्रदूषण अधिक फैल रहा है । ठोस कचरे में राख, काँच, फल तथा सब्जियों के छिलके, कागज, कपडे, प्लास्टिक, रबड, चमडा, ईंट, रेत इत्याति वस्तुएँ सम्मिलित हैं । अतः रासायनिक या जैविक गुणों में ऐसा कोई भी अवांछित परिवर्तन, जिसका प्रभाव मनुष्य तथा अन्य जीवों पर पड या जिससे भूमि की प्राकृतिक गुणवत्ता तथा उपयोगिता नष्ट हो उसे भू-प्रदूषण कहते हैं । भूमि या मिट्टी एक अतिदुर्लभ संसाधन है । आज जिस गति से विश्व एवं भारत की जनसंख्या बढ रही है इन लोगों को भोजन की व्यवस्था करने के लिए भूमि का जरूरत से ज्यादा शोषण किया जा रहा है । जिसके परिणाम स्वरूप आज भूमि की पोषक क्षमता कम होती जा रही है । पोषकता बढाने के लिए मानव इसमें रासायनिक उर्वरकोंएवं कीटकनाशकों का इस्तेमाल कर रहा है । खाद्य पदार्थ विषाक्त होते जा रहे हैं और यही विषाक्त पदार्थ जब भोजन के माध्यम से मानव शरीर में पहुँचता है तो नाना प्रकार की बिमारियाँ हो जाती हैं । चाहे वायु प्रदूषण हो, जल प्रदषण हो, भूमि प्रदूषण या अन्य प्रकार के प्रदूषण हों सबसे पर्यावरण पर असर पडता है । पर्यावरण समस्या देश में बढ़ती जा रही है । इसको बचाने के लिए देशवासियों को अग्रसर होना चाहिए ।

सन्दर्भा

1. blogspot.in, wikipedia.org
2. google.com
3. समकालीन अन्तराष्ट्रीय सम्बन्ध ।

शास्त्री-तृतीयवर्ष
राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान (मा.वि.)
क. जे. सोमैया संस्कृत विद्यापीठ,
विद्याविहार, मुम्बई-77

❖❖❖

लाडली बेटी है ये हिन्दी

✍सुवृत्ति आर्या

संस्कृत की एक लाडली बेटी है ये हिन्दी ।
बहनों को साथ लेकर चलती है ये हिन्दी ।।
सुंदर है, मनोरम है, मीठी है सरल है ।
ओजस्विनी है और अनूठी है ये हिन्दी ।।
पाथेय है, प्रवास में, परिचय का सूत्र है ।
मैत्री को जोड़ने की सांकल है ये हिन्दी ।।
पढ़ने व पढ़ाने में सहज है, ये सुगम है ।
साहित्य का असीम सागर है ये हिन्दी ।।
तुलसी, कबीर मीरा ने इसमें ही लिखा है ।
कवि सूर के सागर की गागर है ये हिन्दी ।।
वागेश्वरी के माथे पर वरदहस्त है ।
निश्चय ही वंदनीय मां-सम है ये हिन्दी ।।
अंग्रेजी से भी इसका कोई बैर नहीं है ।
उसको भी अपनेपन से लुभाती है ये हिन्दी ।।
यूँ तो देश में कई भाषाएँ और है ।
पर राष्ट्र के माथे की बिंदी है ये हिन्दी ।।

शास्त्री-द्वितीय वर्ष
राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान (मा.वि.)
क. जे. सोमैया संस्कृत विद्यापीठ,
विद्याविहार, मुम्बई-77

❖❖❖

उच्चतम न्यायालय एवं न्यायिक सक्रियतावाद

✍रवि कुमार आर्य

न्यायपालिका की भूमिका और महत्त्व

लोकतन्त्र में न्यायपालिका की स्वतन्त्रता का विशेष महत्त्व होता है । इसलिए माण्टेस्क्यू ने कहा था कि, लोकतन्त्र की सफलता के लिए यह आवश्यक है कि, न्यायिक शक्ति को विधायिनी तथा कार्मकारिणी शक्तियों से पृथक बनाया जाए । भारत में न्यायपालिका के स्वरूप की चर्चा करते हुए सुब्बाराव ने कहा है, 'भारत का संविधान संवैधानिक लोकतन्त्र की स्थापना करता है जिसमें भौगोलिक व कार्यात्मक आधारों पर शक्तियों का विभाजन किया गया है' । लोकतान्त्रिक न्यायपालिका न केवल मुकदमों का फैसला करती है वरन् अन्य अनेक महत्वपूर्ण कार्य भी करती है। जिन्हे निम्नलिखित रुप से वर्णित किया जा रहा है : (क) कानून की व्याख्या तथा झगड़ों का निपटारा, (ख) न्यायाधीशों द्वारा निर्मित कानून, (ग) जन अधिकारों की रक्षा, (घ) संविधान की व्याख्या, (ङ) परामर्श का कार्य, (च) जनहित के मुकदमे, (छ) सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन में सहायक । भारत के सन्दर्भ में सामाजिक-आर्थिक व पर्यावरण के सुधार के क्षेत्र में न्यायपालिका को महत्व पूर्ण भूमिका रहो है ।

न्यायिक सक्रियतावाद

न्यायिक सक्रियता का अर्थ-

भारतीय न्यायिक व्यवस्था की कार्यप्रणाली तथा उसके व्यवहार का तब तक सम्पूर्ण अध्ययन नहीं किया जा सकता जब तक कि हम सामाजिक व आर्थिक परिवर्तन लाने में उसकी भूमिका का अध्ययन न करें । उन्होने संविधानिक सीमाओं को ध्यान में रखकर जा निर्णय दिये हैं उनके दूरगामी परिणाम हुए हैं । हम यहाँ उपरोक्त दोनों क्षेत्रों में न्यायपालिका की क्रियाशीलता का विस्तार से अध्ययन करेंगे । न्यायपालिका ने विधायिका तथा कार्यपालिका की इस क्षेत्र में अकर्मण्यता के कारण व्याप्त जनता की निराशा को दूर करने के लिए अपने कार्यक्षेत्र का जिस प्रकार विस्तार किया है उससे जनता में लोकतन्त्र के प्रति आस्था बढ़ी है। न्यायपालिका के इन्हीं विधायी (रचनात्मक) क्रियाकलापों को 'न्यायिक सक्रियतावाद' की संज्ञा दी गई है । लोकतन्त्र का आधार है कानून का शासन और कानून के शासन की स्थापना तभी हो सकती है जबकि सम्बन्धित देश की न्याय व्यवस्था निष्पक्ष, स्वतन्त्र एवं समानता पर निर्भर हो, उत्तम न्याय व्यवस्था के लिए

आवश्यक है कि बोधगम्य, शीघ्रगामी, सरल अल्पवयी हो तथा राजनैतिक व प्रशासनिक नेतृत्व को कानूनों की उपेक्षा करके अपने महत्वपूर्ण पद का लाभ उठाकर अपने स्वार्थो की पूर्ति न करने दें ।

सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन तथा न्यायिक सक्रियतावाद न्यायपालिका ने सामाजिक व आर्थिक दृष्टि से दुर्बल व्यक्तियों को न्याय प्राप्त हो सके इसके लिए कानून की विस्तृत व्याख्या की है । उसकी इस क्रियाशीलता ने उसे दुर्बल वर्गो की संरक्षिका बना दिया है । यहा उन कुछ महत्वपूर्ण निर्णयों का उल्लेख किया गया हैजिनके कारण न्यायपालिका के न्यायिक सक्रियतावाद की स्थापना हुई है : (क) मजदूरों के हितों की रक्षा, (ख) दुर्बल वर्ग की रक्षा, महिलाओं के हितों की सुरक्षा को न्यायालय ने बहुत महत्व दिया है । दहेज के कारण होने वाली मृत्यु, महिलाओं पर होने वाले अन्य प्रकार के अत्याचार तथा तलाक दिये जाने की स्थिति में महिलाओं के हितों की सुरक्षा के लिए न्यायालय निरन्तर जागरुक रहे हैं । एक ओर न्यायालयों ने देवदासियों को सुरक्षित बनाया है तो दूसरी ओर सर्वोच्च न्यायालय ने सन् 1985 में तलाक दी गई बेसहारा मुस्लिम महिला शाहबानो को इद्दत काल के पश्चात भी आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने का आदेश देकर सराहनी कार्य किया है। एक अन्य फैसले में उच्चतम न्यायालय ने 1987 में कहा कि पति यदि दूसरा विवाह कर लेता है तब अलग रहने वाली पहली पत्नी को अपने पति से गुजारे के लिए मुआबजा लेने का अधिकार है। न्यायालयों ने शिशुओं व बालकों के हितों की सुरक्षा के लिए भी अनेक निर्णय दिये हैं । जहाँ तक अनसूचित जातियों के हितां की सुरक्षा की बात है, न्यायालय इस दृष्टि से भी बहुत जागरुक रहा है । अतः दुर्बल वर्ग की आर्थिक व सामाजिक सुरक्षा के लिए अनेक निर्णय दिये हैं।[1] जमानत की राशि[2], निशुल्क कानूनी सहायता, इसके लिए मुकदमा प्रारंभ करने की सामान्य प्रक्रिया का इस्तेमाल करने की भी आवश्यकता नही है (ग) सरकारी व अन्य कर्मचारियों के हितों की सुरक्षा (घ) कम्पीटेशन फीस से विद्यार्थियों को छुटकारा (ङ) आर्थिक शोषणता के विरुद्ध संरक्षण 8. अन्य महत्वपूर्ण कदम ।

भ्रष्टाचार तथा न्यायिक सक्रीयतावाद

